जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 | वर्षः 16 | संख्याः 145 | प्रभात | चूरू, शनिवार 21 सितम्बर, 2024 | पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## स्मृति ईरानी होंगी, भाजपा की तरफ से दिल्ली के मु.मंत्री पद की उम्मीदवार

### आप द्वारा आतिशी मारलेना को मु.मंत्री बनाने के बाद स्मृति ईरानी का नाम सबसे ऊपर है, भाजपा के मु.मंत्री के चेहरे के रूप में

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 सितम्बर। लोकसभा चुनावों में अमेठी सीट पर किशोरी लाल शर्मा के हाथों पराजित हो जाने और उसके बाद उपेक्षा का दंश झेलने के बाद, अब ऐसी संभावनाएं बनती दिखाई दे रही हैं कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आर्क लाइट में वापस आ जायेंगी। दरअसल, पार्टी हाईकमान उन्हें अगले साल होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रचार अभियान के चेहरा के रूप में प्रोजैक्ट करने की संभावनाओं पर विचार कर रही है।

अमेठी की हार के बावजूद, ऐसी आशा की जा रही थी कि हाई प्रोफाइल नेता ईरानी या तो राज्यसभा में समायोजित कर ली जायेगी या फिर उन्हें संगठन के अंदर कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे दी जायेगी। लेकिन ईरानी, अपना सरकारी आवास खाली करने के बाद के महीनों में वेटिंग मोड में हैं। उन्होंने कुछ सप्ताह पहले उस समय जरूर सार्वजनिक क्षेत्र में जरा सा ध्यान आकर्षित किया था, जब उन्होंने एक टेलीविजन इंटरव्यु में अप्रत्यक्ष रूप से

- एक बार बाँसुरी स्वराज के नाम पर भी चर्चा हुई थी, पर, स्मृति ईरानी के राजनीतिक अुनभव व पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता के कारण स्मृति ईरानी को ज्यादा उपयुक्त माना गया।
- दिल्ली के मु.मंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर पार्टी के नेताओं की दो बैठक वृंदावन व पार्टी के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित मुख्यालय में हो चुकी हैं, पर, अंतिम निर्णय रणथम्भौर में आयोजित होने वाले वरिष्ठ नेताओं की बैठक में फाइनल होने की बात है।
- सामान्य तौर पर , भाजपा में चुनाव से पूर्व भावी मु.मंत्री का नाम घोषित करने की परम्परा नहीं है। परन्तु, 2015 में पहली बार किरण बेदी के नाम की घोषणा की थी, जैसे ही किरण बेदी आप छोड़कर भाजपा से जुड़ी थीं। चुनाव से पूर्व, पर, यह परीक्षण बुरी तरह असफल रहा था।
- न केवल किरण बेदी स्वयं हारीं, आप ने भी प्रचंड बहुमत से 70 में से 67 सीट जीत अपनी सरकार बनायी थी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि जब वे सफेद टी-शर्ट पहने हुये संसद में बैठे थे तो वे युवाओं का ध्यान बरबस ही अपनी ओर खींच रहे थे। ईरानी ने कहा था कि अब राहुल गांधी के कार्यों और शब्दों में कथनी और करनी में एक रणनीति निहित होती है। ईरानी का यह इन्टरव्यु वायरल हुआ था और ऐसी अटकलें लगने लगी थीं कि वे मोदी-शाह के राजनैतिक तौर-तरीकों से स्वयं को दूर कर रही हैं तथा आर.एस.एस. के नज़दीक जा रही है।

उल्लेखनीय है कि पार्टी महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष, जो आर.एस.एस. से भाजपा में आए हैं, मंगलवार को हुई राजनेताओं की उस मीटिंग में मौजूद थे जिसमें स्मृति ईरानी को दिल्ली में कोई भूमिका देने की चर्चा हो रही थी। भाजपा सामान्यतः मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजैक्ट नहीं करती है, लेकिन 2015 में पार्टी इस नीति से हट गई थी तथा उसने किरण बेदी को केजरीवाल की आप को छोड़ने के चन्द रोज के अन्दर ही दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में प्रोजैक्ट कर दिया था। भाजपा के लिये यह प्रयोग बुरी तरह फ्लॉप रहा था तथा दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 67 सीटें आप ने जीत ली थीं तथा स्वयं किरण बेदी, कृष्णा नगर सीट पर आप के एस.के. बग्गा से चुनाव हार गई थीं।

आतिशी मारलेना के मुख्यमंत्री बनने के बाद, ईरानी का नाम, एक महिला के रूप में, भाजपा की ओर से एक प्रभावी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप

श्रीगंगानगर, 20 सितम्बर (कासं)। जिले के सादुलशहर थाना इलाके के एक गांव की 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप का का मामला सामने आया है। लड़की घर का जरूरी सामान लेने के लिए गांव की एक दुकान पर गई थी। इसी दौरान 3 बदमाशों ने जबरदस्ती उसे कार में बैठाया और सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म किया।

इस संबंध में पीड़िता के मामा

- सूत्रों के अनुसार गांव के तीन लोगों ने नाबालिग का किडनैप किया और बलात्कार किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ने देर रात मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच सीओ ग्रामीण अनुपम मिश्रा को दी गई है। घटना के बाद शुक्रवार सुबह अनुपम मिश्रा सादुलशहर थाने पहुंचे और पीड़िता के परिजनों से जानकारी ली। पीड़िता के मामा ने दर्ज करवाये मामले में बताया कि उसकी 13 साल की भांजी उसके पास ही रहती थी। शाम को उसकी नानी ने उसे कुछ घरेलू सामान लाने के लिए पास की दुकान पर भेजा। कुछ देर बाद तक जब वह नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तिरूपति प्रसादम विवाद के बाद कर्नाटक सरकार भी एक्शन मोड में आई

### कर्नाटक सरकार ने राज्य के सभी मंदिरों में वितरित होने वाले प्रसादम की गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए हैं

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 सितम्बर। पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में तिरुपति लड्डू में कथित मिलावट को लेकर पैदा हुए आक्रोशपूर्ण विवाद के बाद, कनार्टक के मुख्यमन्त्री ने स्वाभाविक चिन्ता के फलस्वरूप, राज्य के सभी बड़े मन्दिरों में बँटने वाले प्रसादम के जाँच अभियान चलाने के आदेश जारी कर दिए।

प्रसंगवश बता दें कि सुप्रसिद्ध तिरुपति लड्डू, जिस पर जी.आई. टैग है, में अशुद्धता के प्रवेश की बात, घी के सप्लायर के बदलाव के बाद, जानकारी में आई है। पिछले वर्ष जुलाई तक, प्रसादम बनाने के लिए मन्दिर ट्रस्ट को "कर्नाटक मिल्क फेडरेशन" नन्दिनी ब्रान्ड घी की सप्लाई करता था। लेकिन के.एम.एफ. ने घी के दाम बढ़ा दिए, तो अनुबन्ध टूट गया था तथा घी की सप्लाई का ठेका तमिलनाडु के डिंडीगल नामक स्थान पर स्थित "ए.डी.डेयरीज" को दे दिया गया था। गत वर्ष अगस्त से नई व्यवस्था शुरू हो गई थी, उस समय आन्ध्र प्रदेश में वाई.एस.आर.सी. का शासन था।

- तिरूपति प्रसादम में अशुद्धि तब सामने आई जब घी का सप्लायर बदला गया। गत जुलाई तक प्रसादम के लिए कर्नाटक मिल्क फैडरेशन से नंदिनी घी मंगाया जाता था।
- पर, कर्नाटक मिल्क फैडरेशन द्वारा घी की कीमत बढ़ाए जाने पर टी.टी.डी. ने घी वितरण का ठेका तमिलनाडू की एक डेयरी फर्म को दे दिया। उस समय आंध्र में जगनमोहन की सरकार थी, बस तभी से गड़बड़ी शुरु हुई।
- कर्नाटक सरकार ने अब सभी मंदिरों में प्रसादम के लिए नंदिनी घी इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है।

हालाँकि कर्नाटक इस विवाद के दोषारोपण से बच गया है, लेकिन यह कोई भी चीज संयोग पर छोड़ना नहीं चाहता, क्योंकि राज्य की ऐसी किसी भी घटना से विपक्षी भाजपा को और बल एवं प्रोत्साहन मिलेगा, जो इस समय विपक्षी वाई.एस.आर.सी.पी. पर जबरदस्त भड़की हुई है तथा इसके समर्थकों ने भी सोशल मीडिया पर तमिलनाडु पर दोषारोपण करना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि कर्नाटक सरकार ने कहा है कि वह राज्य के सभी मन्दिर-प्रशासनों को केवल नन्दिनी घी को काम में लेने के निर्देश देगी, जिससे वहाँ भक्तों को बाँटे जाने वाले प्रसादम की सुरक्षा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

कर्नाटक के मन्त्री रामलिंगा रेड्डी ने एक निजी टेलिविजन चैनल को बताया, "तिरुपति विवाद के बाद, हमारे कर्नाटक के मन्दिरों में दिए जाने वाले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कर्नाटक हाई कोर्ट जज की "गैर मर्यादित" टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चंद्रचूड़ ने कर्नाटक हाई कोर्ट से दो दिन में रिपोर्ट मांगी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 सितम्बर। स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज कर्नाटक हाई कोर्ट में जस्टिस वेदव्यासाचार्य श्रीषानंद द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी पर रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस श्रीषानंद मकान मालिक से संबंधित एवं विवाद में बैंगलोर के मुस्लिम बहुल इलाके को "पाकिस्तान" करार दिया था और एक महिला वकील पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बैंच, जिसमें जस्टिस एस. खन्ना, बी.आर. गवई, जस्टिस एस. कांत और एच. रॉय भी शामिल थे, ने कहा कि कोर्ट में जजों की टिप्पणी के संबंध में स्पष्ट गाइडलाइन होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोर्ट रूम की कार्यवाही की निगरानी में इस समय

- कर्नाटक हाई कोर्ट के जज जस्टिस श्रीषानंद के दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक वीडिया में वे बैंगलोर के मुस्लिम बहुल इलाके को "पाकिस्तान" कहते नज़र आ रहे हैं तथा दूसरे वीडियो में वे महिला पर "आंतरिक वस्त्र" सम्बंधी अभद्र टिप्पणी करते सुनाई दे रहे हैं।
- सी.जे.आई. ने कहा, अदालतों की न्यायिक टिप्पणियों में मर्यादा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, खास कर इस युग में जब सोशल मीडिया कोर्ट रूम ट्रायल की निगरानी कर रहा है।

सोशल मीडिया सक्रिय भूमिका निभाता है, ऐसे में यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि न्यायिक टिप्पणियां गरिमापूर्ण होनी चाहिए।

सी.जे.आई. ने कहा, कर्नाटक हाई कोर्ट के एक जज द्वारा सुनवाई के दौरान की गई टिप्पणी पर हमारा ध्यान गया है हमारा कर्नाटक हाई कोर्ट से आग्रह है कि इस संबंध में रिपोर्ट दें और रिपोर्ट दो दिन में दी जाए। अगले बुधवार को इस पर सुनवाई होगी।

सोशल मीडिया पर जस्टिस श्रीषानंद के वीडियो वायरल हो रहे है एक वीडियो में वे बैंगलुरू के मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहते दिख रहे है तो दूसरे वीडियों में वे एक महिला वकील पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जैसलमेर के फायरिंग रेंज में मोर्टार बम फटा

जैसलमेर, 20 सितम्बर (निसं)। जैसलमेर जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान ट्रेनी जवानों से मोर्टार बम फटने पर 4 जवान घायल हो गए और 2 को गंभीर हालत में होने पर पोकरण अस्पताल में इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।

जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शुक्रवार दोपहर को बड़ा हादसा हो गया। युद्धाभ्यास के दौरान

- युद्धाभ्यास के दौरान हुए इस हादसे में चार जवान घायल हो गए तथा दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

एक मोर्टार बम अचानक फट गया। हादसे में सीमा सुरक्षा बल के चार जवान घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। सभी घायलों को पोकरण हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बी.एस.एफ. के वरिष्ठ अधिकारी और पोकरण पुलिस अस्पताल हॉस्पिटल पहुंचे। घायल जवानों के नाम उदय,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पुलिस थाने में पुरुष अफसर ने महिला के कपड़े उतारे

### पीड़िता एक सैन्य अफसर की पुत्री तथा एक अन्य सैन्य अफसर की मंगेतर है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 सितम्बर। ओडिशा में प्रधानमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में बोलने के 72 घंटों के अंदर, एक महिला जो सेना अधिकारी की बेटी है तथा एक सैनिक अधिकारी की मंगेतर है, को रात को घर लौटते समय छेड़छाड़ का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, एक पुरुष पुलिस अधिकारी ने उसको निर्वस्त्र किया और उसके आंतरिक वस्त्र भी उतार दिए तथा उससे ऐसी बातें बोली, जिन्हें सार्वजनिक रूप से बोला नहीं जा सकता।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेस में इस घटना का विवरण दिया और पूछा, क्या इस तरह से महिलाएं सुरक्षित हैं और प्रधानमंत्री पूरी तरह से चुप हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार में बहुत व्यस्त हैं और उनके पास समय नहीं है।

श्रीनेत ने कहा, "हमें पता नहीं कि भारत की महिला व बाल विकास मंत्री

- सेना ने इस घटना पर गंभीर नाराजगी जताई। सेना के शीर्ष अधिकारियों ने ओडिशा के डी.जी.पी. और प्रशासन से बात की है। सेना के अनुसार सेवारत सैन्य अधिकारी को हिरासत में लेना और निकटतम सैन्य इकाई को सुचित नहीं करना गैर कानूनी है।
- कांग्रेस ने इस घटना को लेकर महिला सुरक्षा पर सवाल उठाए। कांग्रेस प्रवक्ता, सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, प्र.मन्त्री ने ओडिशा में महिला सशक्तिकरण पर बात की और मात्र 72 घंटे के भीतर ही पुलिस थाने में एक महिला का यौन उत्पीड़न किया जाता है।

कौन हैं, क्योंकि वो कभी-कभार ही बोलती हैं, वास्तव में तो वो बोलती ही नहीं हैं। भाजपा की महिला सांसदों के लिए संसद में चुना जाना महत्वपूर्ण है, बजाय महिला सुरक्षा तथा सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर अपना मुँह खोलने के।"

श्रीनेत ने कहा, "भारत में महिला आयोग भाजपा के मुखपत्र के समान है। लेकिन यह कैसे बर्दाशत किया जा सकता है, इसे कैसे बर्दाश्त किया जाएगा, इसे कौन उचित ठहरा सकता है? यह किसी ऐसी महिला के साथ नहीं हो रहा है जो शिक्षित नहीं है, जिसे अपने अधिकारों के बारे में पता नहीं है। वह एक वकील है। उसकी सगाई सिख रैजिमेंट के एक सेना अधिकारी के साथ हुई है। और यही नहीं, मणिपुर में कारगिल योद्धा की पत्नी के साथ ऐसा हुआ है। मध्यप्रदेश में हमारे सैनिक अधिकारियों की महिला साथियों के साथ ऐसा हुआ, इस देश में यह क्या हो रहा है? महिलाएं कहाँ पर सुरक्षित हैं? पुलिस स्टेशन में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, जैसा इस केस में हुआ। उस महिला के विरुद्ध अपराध, उसका यौन शोषण, पुलिस स्टेशन के अंदर हुआ, और इसके लिए जवाबदेह कौन है?"

इस घटना पर कार्यवाही को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में श्रीनेत ने कहा, "सबसे पहला कदम तो यह है कि, यह स्वीकार करना कि उस महिला के साथ पुलिस स्टेशन के अंदर क्या हुआ? उसके साथ क्या-क्या हुआ ? कम से कम यह स्वीकार तो करिए। यह भी स्वीकार करिए कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध अनियंत्रित रूप से बढ़ रहे हैं। यही वास्तविकता है। यह हमारी पहली मांग है, इसे छुपाइए नहीं, यह ढोंग मत करिए कि इस देश में महिलाएं सुरक्षित हैं, क्योंकि ऐसा है नहीं। यदि वो खेत में काम करने वाली श्रमिक हैं, तो वो सुरक्षित नहीं हैं, यदि वो हॉस्पिटल में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बस खाई में गिरी, बी.एस.एफ. के चार जवान मरे

श्रीनगर, 20 सितंबर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में एक बस के खाई में गिरने से सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के कम से कम चार जवानों की मौत हो गई और 26 घायल हो गये।

अधिकारियों ने बताया कि बी.एस.एफ. द्वारा दूसरे चरण के चुनाव ड्यूटी के लिए किराए पर ली गई एक सिविल

- जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में यह हादसा हुआ। यह बस चुनाव ड्यूटी के लिये किराये पर ली गयी थी।

बस बडगाम के वतरहाल इलाके के ब्रेल के पास एक खाई में गिर गई, जिसके कारण बीएसएफ के कई जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया, घायलों में से चार की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि करीब 26 घायलों को बडगाम और श्रीनगर में विभिन्न

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सुप्रीम कोर्ट का कोलीजियम कोई सर्च पैनल नहीं है'

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि जवाब दे कि कोलीजियम द्वारा जजों की नियुक्ति के लिये भेजे गये नाम पर अभी तक "नियुक्ति" क्यों नहीं हुई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 सितम्बर। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम जो संभवतया कार्यपालिका व न्यायपालिका के रिश्ते को प्रभावित कर सकता है, के तहत सुप्रीम कोर्ट ने आज मोदी सरकार से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने उच्च न्यायालयों में नियुक्ति के लिए कितने नाम प्रस्तावित किए हैं और सरकार कारण बताए कि अभी तक भी इन पर विचार क्यों नहीं किया गया है और वे किस स्तर पर लम्बित हैं।

तीन जजों की बैच की अध्यक्षता करते हुए जज डी.वाय. चंद्रचूड ने एटॉर्नी जनरल आर. वैंकटरमानी से कहा कि आप एक चार्ट लेकर आईए और हमें हरेक सिफारिश, जिसे कोलीजियम ने दोहराया है, का स्तर बताइए और यह भी बताइए कि उन नियुक्तियों में क्या समस्या है।

सी.जे.आई. ने कहा, मिस्टर एटॉर्नी जनरल हमारा आइडिया गुप्त बातें सामने लाने का नहीं बल्कि आगे बढ़ने का है ताकि सरकार का काम चलता रहे, बस।

बैच में जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बैच ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए निर्देश दिए जिसमें मांग की गई थी कि कोलीजियम द्वारा अनुशंसित जजों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी करने की समय सीमा फिक्स की जानी चाहिए।

बैंच ने कहा कि "सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम कोई सर्च कमेटी नहीं है, जिसकी सिफारिशों को रोका जा सकता हो।" सी.जे.आई. ने मोदी सरकार की कार्यशैली की कड़ी

- सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया कि अगर कोलीजियम द्वारा अनुशंसित जिन जजों की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है, सरकार कारण भी बताये कि उनकी नियुक्ति नहीं करने का कारण क्या है? नियुक्ति देने में क्या दिक्कत है।
- मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित इस बैंच में दो अन्य सदस्य थे। न्यायाधीश पारदीवाला व न्यायाधीश मनोज मिश्रा। यह बैंच उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें मांग की गई है कि न्यायालय वह अवधि निर्धारित करे, जिसमें सरकार कोलीजियम द्वारा नियुक्ति के लिए भेजी गई सिफारिशों पर नियुक्ति दे।

आलोचना की और कहा कि क्या आप कोलीजियम द्वारा दुबारा भेजे गए नामों की लिस्ट बना सकते हैं और बता सकते हैं कि ये नाम किस स्तर पर लम्बित हैं और क्यों?

बैंच ने कहा कुछ नियुक्तियां होने वाली हैं और हमें उम्मीद है कि ये जल्दी ही होंगी। उसके बाद एटॉर्नी जनरल की तारीख आगे बढ़ाने की मांग स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी।

याचिका में कहा गया है कि सुनिश्चित अवधि के अभाव में सरकार नियुक्तियों की अधिसूचना जारी करने में मनमाने तरीके से देरी करती है और इससे न्यायपालिका स्वतंत्रता प्रभावित होती है तथा संवैधानिक व लोकतांत्रिक व्यवस्था बाधित होती है।

वैंकटरमानी ने बैंच से एक सप्ताह का समय मांगा और कहा कि तब वे अवश्य बताए पाएंगे कि कोलीजियम ने 11 जुलाई 2024 को जो सिफारिशें की थी, उनका स्टेटस क्या है।

तब कोलीजियम ने सात हाईकोर्ट्स के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की थी।

इस मामले में एडवोकेट प्रशांत भूषण ने हस्तक्षेप करते हुए याचिका दायर की थी और कहा कि कई सिफारिशें मंजूर होनी बाकी है। इसके बाद बैंच ने वैंकटरमानी से चार्ट मांगा, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया और कहा कि इसमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन हरेक केस में अपनी अलग बाते हैं, कुछ विवाद हैं। इसलिए मुझे नहीं पता कोर्ट इसमें किस हद तक विचार कर सकता हैं। कुछ जानकार मित्र कह सकते हैं यह नहीं हुआ और क्यों नहीं हुआ पर आप बेहतर जानते हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यद्यपि कोलीजियम ने जस्टिस बी.आर. सारंगी को झारखंड का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की थी पर नियुक्ति में देरी होने के कारण उन्हें पद पर काम करने के लिए मात्र एक माह ही मिला था।

## सुप्रीम कोर्ट का यू-ट्यूब चैनल हैक हुआ

नयी दिल्ली, 20 सितंबर। भारत के सर्वोच्च न्यायालय यानी कि सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक कर लिया गया है। पहले जहां इस चैनल पर सुप्रीम कोर्ट से जुड़े वीडियो आते थे, वहीं, अब पूरे चैनल पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े वीडियो सामने आ रहे हैं।

शीर्ष अदालत संवैधानिक पीठों के

- सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण मामलों की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाले चैनल पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े विडियो चले।

समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग कर रही है। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के वीडियोज को हैकर्स ने प्राइवेट कर दिया है। बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट का प्रशासन फिलहाल यूट्यूब चैनल की हैकिंग की जांच कर रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# भारत प्लास्टिक प्रदूषण में सबसे आगे

कचरा पूरी दुनिया के लिए एक वैश्विक समस्या है। भारत की बात करें तो आज घर-घर में प्लास्टिक ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। एक ताज़ा शोध रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दुनिया भर में भारत में सबसे अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है। ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के मुताबिक दुनिया हर साल 5.7 करोड़ टन प्लास्टिक प्रदूषण पैदा करती है। शोध के मुताबिक भारत दुनिया में प्लास्टिक कचरे का सबसे अधिक उत्पादन करता है। यहां एक साल में 1.02 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है, जो दूसरे सबसे बड़े प्लास्टिक कचरा उत्पादक के मुकाबले दो गुना से भी अधिक है। शोधकर्ताओं ने अध्ययन के लिए दुनिया भर के 50 हजार से अधिक शहरों और कस्बों में स्थानीय स्तर पर उत्पादित कचरे की जांच की है। इस अध्ययन के दौरान ऐसे प्लास्टिक की जांच की गई जो खुले वातावरण में जाता है। दुनिया की 15 प्रतिशत आबादी से सरकार प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करने और निपटाने में विफल रहती है, वहीं इस 15 फीसदी आबादी में भारत के 25.5 करोड़ लोग शामिल हैं। प्लास्टिक कचरे का पर्यावरण पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। अध्ययन के अनुसार हर साल दुनिया में लगभग 251 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है।

प्लास्टिक कचरे का सही प्रबंधन नहीं होने से यह पर्यावरण में प्रदूषण का कारण बनता है। दुनिया में कचरा प्लास्टिक का 10 प्रतिशत हिस्सा ही रिसाइकल किया जाता है। प्लास्टिक से निर्मित उत्पादों के अपशिष्ट को प्लास्टिक प्रदुषण कहते हैं। प्लास्टिक प्रदुषण मुख्यत: प्लास्टिक के कचरे से पैदा होता है। प्लास्टिक सिंथेटिक या अर्ध-सिंथेटिक सामग्रियों की एक विस्तृत श्रृंखला होती है जो मुख्य घटक के रूप में पॉलिमर का उपयोग करते हैं। प्लास्टिक एक नॉन-बायोडिग्रेडेबल पदार्थ है जिसका अपघटन बहुत लम्बे समय तक नहीं होता है, जिसके कारण वातावरण दूषित होता है। प्लास्टिक को सड़ने में 400 साल या उससे भी ज्यादा समय लगता है।

कचरा में प्लास्टिक सबसे खतरनाक माना जाता है। प्लास्टिक कचरा से हर देश परेशान है। सरकार के लाख प्रतिबंदों के बावजूद हमारा फ्री प्लास्टिक का सपना पूरा नहीं हो रहा है और इसका एक मात्र कारण इसका सस्ता, टिकाऊ और हल्का होना है। पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध के बाद भी इसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। हर जगह पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। किराना सामान खरीदना हो या फिर सब्जी, फल हों या अन्य सामग्री, हर जगह अमानक स्तर की पॉलीथिन उपयोग की जा रही है। पर्यावरण को सबसे अधिक नुकसान प्लास्टिक कचरा से पहुंचता है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल औसतन 25 मिनट तक होता है। प्लास्टिक की थैलियों को नष्ट होने में एक शताब्दी से 500 वर्ष तक का समय लगता है। दुनिया भर में हर मिनट दस लाख प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल होता है। अस्सी प्रतिशत समुद्री कूड़ा-कचरा प्लास्टिक है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, हर साल लाखों टन प्लास्टिक का उत्पादन होता है जो हमारे पर्यावरण को प्रभावित करता है। पैकेजिंग क्षेत्र दुनिया में एकल उपयोग प्लास्टिक कचरे का सबसे बड़ा उत्पादक है। उत्पादित प्लास्टिक का लगभग 36 प्रतिशत पैकेजिंग में उपयोग किया जाता है, जिनमें से 85 प्रतिशत लैंडफिल या कुप्रबंधित कचरे के रूप में समाप्त हो जाते हैं। औद्योगिक क्षेत्र से 100 मिलियन पाउंड का प्लास्टिक समुद्र में प्रवेश करता है। कपड़ों में बनी 60 प्रतिशत सामग्री प्लास्टिक है। अकेले कपड़े धोने से हर साल लगभग 500000 टन प्लास्टिक माइक्रोफाइबर समुद्र में छोड़े जाते हैं। इससे पता चलता है कि हमें अपने पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आगामी एक जुलाई से प्लास्टिक के बने तमाम उपयोगी सामान जैसे पॉलिथीन, गिलास, कांटे-चम्मच, कप, प्लेट समेत तमाम चीजों के उपयोग पर बैन करने का निर्णय किया है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले प्लास्टिक के झंडों से लेकर ईयरबड तक पर एक जुलाई से पाबंदी होगी।

**प्लास्टिक सिंथेटिक या अर्ध-सिंथेटिक सामग्रियों की एक विस्तृत श्रृंखला होती है जो मुख्य घटक के रूप में पॉलिमर का उपयोग करते हैं। प्लास्टिक एक नॉन-बायोडिग्रेडेबल पदार्थ है जिसका अपघटन बहुत लम्बे समय तक नहीं होता है, जिसके कारण वातावरण दूषित होता है।**

वर्तमान में बंदिश के बावजूद हर जगह उपलब्ध होने वाली पॉलीथिन पूरे जीव-जगत पर संकट खड़ा कर रही है। फिर भी लोग इसके उपयोग से गुरेज नहीं कर रहे हैं। यह पर्यावरण के साथ पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए घातक है। गली-कूचों से लेकर हर ओर पॉलीथिन फेंके पड़े रहते हैं। पीने के पानी से लेकर खाने की प्लेट तक प्लास्टिक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। प्लास्टिक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला विकल्प है। इसलिए हमारी रोजमर्रा की चीजें या तो प्लास्टिक से बनी होती हैं या उनके निर्माण में प्लास्टिक की भूमिका होती है। केन्द्रीय पर्यावरण नियन्त्रण बोर्ड के एक अध्ययन के मुताबिक एक व्यक्ति एक साल में 6 से 7 किलो प्लास्टिक कचरा बिखेरता है। इस प्लास्टिक कचरे से नालियां बंद हो जाती है, धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, भूगर्भ का जल अपेय बन जाता है, रंगीन से कैंसर जैसे असाध्य रोग हो जाते हैं। आज वैश्विक स्तर पर प्रतिव्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग जहां 18 किलोग्राम है वहीं इसका रिसायक्लिंग मात्र 15.2 प्रतिशत ही है। प्लास्टिक प्रदूषण मानव जीवन के समक्ष एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है।

वर्तमान में प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन गया है। दुनिया भर में अरबों प्लास्टिक के बैग हर साल फेंके जाते हैं। ये प्लास्टिक बैग नालियों के प्रवाह को रोकते हैं और आगे बढ़ते हुए वे नदियों और महासागरों तक पहुंचते हैं। चूंकि प्लास्टिक स्वाभाविक रूप से विघटित नहीं होता है इसलिए यह प्रतिकूल तरीके से नदियों, महासागरों आदि के जीवन और पर्यावरण को प्रभावित करता है। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण लाखों पशु और पक्षी मारे जाते हैं जो पर्यावरण संतुलन के मामले में एक अत्यंत चिंताजनक पहलू है। आज हर जगह प्लास्टिक दिखता है जो पर्यावरण को दूषित कर रहा है। जहां कहीं प्लास्टिक पाए जाते हैं वहां पृथ्वी की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है और जमीन के नीचे दबे दाने वाले बीज अंकुरित नहीं होते हैं तो भूमि बंजर हो जाती है। प्लास्टिक नालियों को रोकता है और पॉलीथीन का ढेर वातावरण को प्रदूषित करता है। चूंकि हम बचे खाद्य पदार्थों को पॉलीथीन में लपेट कर फेंकते हैं तो पशु उन्हें ऐसे ही खा लेते हैं जिससे जानवरों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है यहां तक कि उनकी मौत का कारण भी।

**–अतिथि संपादक,**
**बालमुकुंद ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक और पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 21 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, भरणी नक्षत्र रात्रि 12:36 तक, व्याघात योग दिन 11:36 तक, बव करण प्रात: 7:45 तक, चन्द्रमा रविवार प्रात: 6:04 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज ज्वालामुखी योग सायं 6:14 से रात्रि 12:36 तक है। आज चतुरथी व भरणी का श्राद्ध है। चतुरथी व्रत है और आज ईद-ए-मौलाद है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:49 से 9:14 तक, चर 12:20 से 1:50 तक, लाभ-अमृत 1:50 से 4:51 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:19, सूर्यास्त 6:21




### मेष
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### वृष
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।



### मिथुन
आर्थिक/वित्तिय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।




### कर्क
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### सिंह
नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।



### कन्या
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।



### तुला
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




### वृश्चिक
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके कार्य बनने लगेंगे। उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### धनु
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। मन में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें।



### मकर
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कुंभ
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक योजना बनेगी।



### मीन
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# भारत-अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास 2024 अपने अंतिम पड़ाव पर

## दो चरणों में काल्पनिक युद्ध हुआ, दोनों सेनाओं ने युद्धाभ्यास में दुश्मन का खात्मा किया

**बीकानेर/जैसलमेर,** (निसं)। भारत-अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास-2024 अपने अंतिम पड़ाव पर है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में गुरुवार से 72 घंटों का युद्ध शुरू हुआ था, जिसका शुक्रवार को दूसरा दिन है। शुक्रवार को दो चरणों में काल्पनिक युद्ध हुआ। पहले चरण में फील्ड में अलग-अलग टारगेट बनाए गए। जवानों ने दूर से ही अपना टारगेट सेट कर करीब 25 किमी दूर से निशाना साधा। एयरफोर्स के अपाचे, एलसीएच और थल सेना के हेलिकॉप्टर रुद्र से दुश्मनों पर हमला किया गया। दूसरे चरण में आतंकियों के ठिकानों को खत्म किया गया।

अमेरिकी सेना की हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम को तैनात किया गया। इस सिस्टम से लंबी दूरी तक सटीक हमला किया। काल्पनिक युद्ध के दौरान भारतीय और अमेरिकी सैनिकों ने लाइव-फायर ड्रिल्स और संयुक्त वायु अभियानों का भी प्रदर्शन किया। खास बात है कि अमेरिका के 600 जवानों में भारतीय मूल की कैप्टन दुर्रानी भी हैं। वह भारतीय जवानों से हिंदी में ही बात करती हैं। उन्नत लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) और अपाचे एएच-64 हेलिकॉप्टरों के सहयोग से जवान एक से दूसरे स्थान पर पहुंचे। इन हेलिकॉप्टर के संचालन की ट्रेनिंग भी दोनों देशों के जवानों ने ली थी। इस दौरान पिनाका एमबीआरएल सहित कई हथियारों का उपयोग हो रहा है। काल्पनिक युद्ध में टारगेट को फिक्स कर पिनाका से करीब 25 किलोमीटर दूर चिड़ासर से हमले किया गया। आज इसे महज 25 किलोमीटर तक रखा गया। युद्ध के दौरान जब तक इन्फेंट्री यानी पैदल जवान टारगेट तक नहीं आए, तब तक फायरिंग चलती रही। आधा किलोमीटर की दूरी तय करने तक दो गाड़ियों से भारतीय और अमेरिकी जवान फायरिंग करते रहे।



**भारत और अमेरिकी सैनिकों ने जटिल सामरिक युद्धाभ्यास, लाइव-फायर ड्रिल्स और संयुक्त वायु अभियानों का प्रदर्शन किया।**

भारत-अमेरिका सेना के जवानों ने मिलकर अपने-अपने हथियारों की मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान यूएस एम-777 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों ने भारतीय तोपखाने की यूनिट्स के साथ मिलकर प्रैक्टिस की है। एक्यूरेसी के साथ हॉवित्जर ने इस काल्पनिक युद्ध में सटीक निशाने साधे। हॉवित्जर के हमलों ने पूरे महाजन फील्ड फायरिंग रेंज को हिला दिया। युद्धाभ्यास के दौरान आग को पार करके दुश्मन के ठिकानों तक पहुंचने का भी प्रशिक्षण दिया गया। युद्धाभ्यास के अंतिम चरण में ऐसे दृश्य भी नजर आए, जब जवानों ने आग से होकर दुश्मन के ठिकानों पर निशाना साधा। इसके अलावा घायल होने वाले जवानों को मेडिकल सेवा देने और इन जवानों को हवाई सेवा से अन्यत्र ले जाने के दृश्य भी नजर आए। अभ्यास के अंतिम क्षणों में युद्ध जैसे दृश्य नजर आए। जब दोनों देशों के हथियारों का भरपूर उपयोग हुआ। अमेरिकी हॉवित्जर के हमलों से दूर लगे टारगेट उड़ा दिए गए। वहीं हाई मोबिलिटी रॉकेट से कई सौ किलोमीटर दूर पर लगे टारगेट भी नष्ट किए गए। युद्धाभ्यास के दौरान अमेरिकी सेना में कैप्टन दुर्रानी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। अमेरिकी जवान इंग्लिश में बात करते नजर आते हैं, लेकिन दुर्रानी भारतीय जवानों से हिंदी में बात करती है।

- **एयरफोर्स के अपाचे, एलसीएच और थल सेना के हेलिकॉप्टर रुद्र से दुश्मनों पर हमला किया गया, दूसरे चरण में आतंकियों के ठिकानों को खत्म किया**
- **अमेरिका के 600 जवानों में भारतीय मूल की कैप्टन दुर्रानी भी हैं, वह भारतीय जवानों से हिंदी में ही बात करती हैं**

कैप्टन दुर्रानी ने बताया कि उनके दादा भारतीय थल सेना की पंजाब रेजिमेंट में ऑफिसर रहे हैं। वह अपने घर में हमेशा हिंदी बोलते हैं। उनके परिवार के अन्य सदस्य भी हिंदी में ही बात करते हैं। दुर्रानी को मलाल है कि वह युद्धाभ्यास के बीच अपने परिजनों से मिलने लखनऊ नहीं जा सकी। हालांकि उन्होंने नई दिल्ली में अपने मामा से मुलाकात की।

पूरे अभ्यास के दौरान भारत की राजपूत रेजिमेंट और अमेरिका की अलास्का में तैनात एयरबोन विंग के जवान बड़े हथियारों के संचालन की ट्रेनिंग ले चुके हैं। इसके अलावा सैन्य इंजीनियरों ने युद्ध के दौरान फील्ड इंजीनियरिंग पर भी काम किया है। युद्ध में जवान को किस तरह स्वयं को बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करना है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। युद्धाभ्यास 9 सितंबर को शुरू हुआ था और 21 सितंबर को समाप्त होगा। शुरुआती कुछ दिनों में कमांड पोस्ट सेशन हुए, जिसमें जवानों को शांतिकाल में आतंकी गतिविधियों से निपटने के अभियानों की जानकारी दी गई थी।

**युद्धाभ्यास की अहम कड़ी बनीं 8 महिला सैन्य अधिकारी :** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और अमेरिकी सैनिकों के युद्धाभ्यास के दौरान 8 ऐसी महिला सैन्य अधिकारी हैं, जिन्होंने कॉम्बेट इंजीनियर से लेकर प्लाटून लीडर तक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर खुद को साबित किया है। साउथ वेस्टर्न कमांड ने इन महिला सैन्य अधिकारियों के पराक्रम को नारी शक्ति का गौरवपूर्ण प्रमाण देते हुए 'एक्स' पर वीडियो वायरल किया है। युद्धाभ्यास में भारतीय सेना की 9 राजपूत और अमेरिकी सेना की अलास्का स्थित 11 एयरबोर्न डिवीजन से कुल 1200 सैनिक भाग ले रहे हैं। इन दोनों सेनाओं में ऐसी 8 महिला ऑफिसर भी हैं, जिनके पास महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। ये महिलाओं केमिकल कोर ऑफिसर, कॉम्बेट इंजीनियर, मेडिकल सपोर्ट, कॉम्बेट फिजिशीयन, फायर सपोर्ट ऑफिसर, कॉम्बेट लॉजिस्टिक, ऑर्डिनेंस ऑफिसर और प्लाटून लीडर के तौर पर बेहतरीन भूमिका निभा रही हैं। सैन्य जानकारी के अनुसार यह युद्ध अभ्यास 2024 नारी शक्ति की शक्ति का एक गौरवपूर्ण प्रमाण है, जिसमें भारत और अमेरिका दोनों की महिला सैनिक अभ्यास के हर चरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

सामरिक संचालन से लेकर नेतृत्व की स्थिति तक, ये सशक्त और कुशल महिलाएं वैश्विक मंच पर अपनी ताकत, लचीलापन और व्यावसायिकता का प्रदर्शन करती हैं। जैसे-जैसे वे सामने से नेतृत्व करते हैं, वे न केवल रक्षा में बाधाओं को तोड़ रहे हैं, बल्कि सशस्त्र बलों में बड़ी भूमिका के लिए मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं। इन्हें अंतर्राष्ट्रीय सैन्य सहयोग और महिला सशक्तिकरण के भविष्य का प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है।

# रामदेवरा मेले से रेलवे को 1.91 करोड़ रुपए की आय हुई

## अर्जित राजस्व पिछले वर्ष के मुकाबले 52 फीसदी ज्यादा है

**जोधपुर,** (कासं)। रेलवे ने इस बार के रामदेवरा मेले से 1 करोड़ 91 लाख रुपए का राजस्व अर्जित करने में सफलता हासिल की है। अर्जित राजस्व पिछले वर्ष के मुकाबले 52 फीसदी ज्यादा है।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि महाप्रबंधक अमिताभ के निर्देशन में इस बार रामदेवरा मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन मेला यातायात और यात्री सुविधा के अनुरूप किया गया। जिसके परिणामस्वरूप रेलवे को ज्यादा यात्रीभार मिला और इससे राजस्व में अपेक्षित वृद्धि हुई। डीआरएम ने बताया कि इस वर्ष रामदेवरा मेला अवधि के दौरान रामदेवरा स्टेशन पर आने वाले कुल 2 लाख 7 हजार यात्रियों से टिकट किराया के बतौर रेलवे को 1 करोड़ 91 लाख रुपए की आय हुई जो पिछले वर्ष के मुकाबले 65 लाख 34 हजार रुपए अर्थात 52 फीसदी अधिक है। उन्होंने बताया कि मेला अवधि के दौरान यात्रियों की आवागमन सुविधा के लिए नियमित ट्रेनों के अलावा छह जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन किया गया था जिसमें चार मेला स्पेशल ट्रेनें शामिल है। सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि इस वर्ष संचालित रामदेवरा मेला स्पेशल ट्रेनों की समय सारणी मेला यातायात के अनुकूल होने से रेलवे को अपेक्षाकृत अधिक यात्रीभार उपलब्ध हुआ तथा यात्री सुविधा के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त टिकट काउंटर स्थापित किए गए और यात्रियों की सहायता के लिए उचित संख्या में रेलवे कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई। वर्ष 2024 के रामदेवरा मेले में आवागमन के लिए संचालित की गई श्रीगंगानगर-रामदेवरा मेला स्पेशल ट्रेन यात्री सुविधा की दृष्टि से सफल व सुविधाजनक साबित हुई। जिससे रेलवे को अतिरिक्त यात्री यातायात प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि इस ट्रेन के कुल 12 ट्रिप में 9 हजार 255 यात्रियों ने रामदेवरा से अपने गंतव्यों तक यात्रा की जिससे जोधपुर मंडल को 11 लाख 4 हजार 450 रुपए की आय हुई।

# अजमेर के जेएलएन अस्पताल में डेंगू और मलेरिया के मरीज बढ़े

## अस्पताल प्रशासन द्वारा किये गये विशेष इंतजाम भी नाकाफी साबित हो रहे हैं

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में मौसम के बदलते ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा है। संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें लग रही है। पर्ची काउंटर पर एक ही लाइन में महिला-पुरुष होने पर लोगों ने नाराजगी भी जताई। अस्पताल प्रशासन से मांग की महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन की व्यवस्था कराई जाए। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही और अव्यवस्थाओं का आरोप भी लगाया।

मानूसन की बरसात के बाद अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में डेंगू और मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ रही है। हालांकि अस्पताल प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए हैं, लेकिन अस्पताल में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जो नाकाफी साबित हो रहे हैं।


जेएलएन अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. अमित यादव ने बताया कि डेंगू और मलेरिया के मरीजों को भर्ती करने के लिए फेब्रिकेटेड वार्ड में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। फेब्रिकेटेड वार्ड में कुल 100 बेड हैं, जिनमें से 65 बेड को विशेष रूप से डेंगू और मलेरिया के मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है। डॉ. यादव ने बताया कि फेब्रिकेटेड वार्ड में मरीजों को भर्ती किया जा रहा है और हर संभव जांच और उपचार दिया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके।

अस्पताल में मरीजों की बढ़ती भीड़:- अस्पताल की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ओपीडी में जहां ढाई से तीन हजार मरीज आते थे, वहीं अब बढ़कर 4 से 5 हजार से अधिक हो गई है। इसी प्रकार भर्ती मरीजों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। डॉ. यादव ने बताया कि डेंगू और मलेरिया के अलावा अन्य मौसमी बीमारियों जैसे वायरल फीवर, चर्म रोग और सांस से संबंधित समस्याओं के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का पूरा उपयोग करते हुए सभी मरीजों को बेहतर उपचार देने का प्रयास किया जा रहा है।

# ब्यावर जिले का देवमाली गांव जहां करोड़पति का मकान भी कच्चा है

**कोटा,** (निसं)। पिछले दिनों भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इसमें ब्यावर के देवमाली गावं ने अपना स्थान बनाया। आगामी 27 नवम्बर को इसे दिल्ली में अवार्ड दिया जाएगा।

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के सचिव अंकित गुर्जर ने बताया कि राजस्थान का एक ऐसा गांव है जिसमें आज भी एक भी पक्का घर नहीं है और उस गांव का नाम है देवमाली। यह गांव ब्यावर जिले के मसूदा उपखंड से करीब पांच किलोमीटर दूर है। देवमाली गुर्जर बाहुल्य गांव है। इस गांव में गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान देवनारायण का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर में पूरे गांव के लोग बारी-बारी से पूजा करते हैं। इस गांव की विशेषता यह है कि इस गांव में गरीब हो या करोड़पति व्यक्ति उसका घर पूरा कच्चा होता है और उसके घर में दरवाजा नहीं होता है। घी, दूध की कोई कमी नहीं है। यहां मूल रूप से कृषि व पशुपालन पर आधारित परिवार निवास करते हैं। बताया जाता है कि आज तक देवमाली गांव में चोरी नहीं हुई है। इस गांव में केरोसिन तेल पर पूरी तरह से बेन है। यहां पर पेड़-पौधों के प्रति प्रेम भाव है। देवमाली गांव की पहाड़ी पर देवनारायण का मंदिर है। इस मंदिर के चारों और गुर्जर समाज के लोग नंगे पांव परिक्रमा लगाते हैं। देवमाली पहाड़ी पर जो भी बड़ी-बड़ी चट्टानें है वे सब झुकी हुई हैं। इस पहाड़ी से कोई भी पत्थर उठाकर नहीं ले जाता।



**ब्यावर जिले के देवमाली गांव को बेस्ट टूरिस्ट विलेज में शामिल किया गया है।**

ग्रामीणों का कहना है जब भगवान देवनारायण यहां पर रहने आए थे तब ग्रामीण बहुत खुश थे और गुर्जर समाज के लोगों से कहा कि कोई वरदान मांग लो लेकिन ग्रामीणों ने कोई वरदान नहीं मांगा। इस बात से भगवान देवनारायण खुश हो गए और जाते समय कहकर गए कि यदि शांति से रहना हो तो घर की छत को पक्का मत करना और प्रकृति का ध्यान रखना। तब से लेकर आज तक किसी भी घर में छत पक्की नहीं है। अगर कोई छत पक्की करता है तो उसका कोई न कोई नुकसान होता है। इस गांव की आबादी करीब दो हजार है। साल भर पहले गुर्जर समाज के तत्कालीन एसडीएम भरतलाल गुर्जर द्वारा एक लघु डॉक्यूमेंट्री तैयार करवाई थी और बेस्ट टूरिस्ट विलेज प्रतियोगिता के लिए भेजा गया था। इसमें देवमाली गांव ने अपना स्थान बनाया। बेस्ट टूरिस्ट विलेज में आने पर गुर्जर समाज के लोगों ने खुशी जाहिर की।

- **बताया जाता है कि आज तक देवमाली गांव में चोरी नहीं हुई, गांव में केरोसिन तेल पर पूरी तरह से बेन है**
- **ब्यावर जिले के देवमाली गांव के बेस्ट टूरिस्ट विलेज में आने पर गुर्जर समाज के लोगों ने खुशी जताई**

राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मन्नालाल गुर्जर, रामलाल गुंजल, डॉ. बी.एल. गोचर, सुरेश गुर्जर केमेस्ट्री क्लासेज, अंकित गुर्जर, पन्नालाल गहलोत, देवलाल गोचर, जमनालाल गुर्जर, रामरतन गोचर, रामलाल कचोटिया, अनीता गुर्जर डायरेक्टर दी रेलवे एम्पलॉइयज को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर, लक्ष्मी गोचर, शालिनी गोचर, गौरी गोचर, दिव्या गोचर और गुर्जर समाज के सभी संगठनों ने खुशी जताई है।

## प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया

**सीकर।** सीकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के नेता व उनके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा की गई हिंसक व अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सीकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कलेक्टर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाकर नारे बाजी करते हुए जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।

विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला ने कहा कि भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भड़काऊ बयान एवं अभद्र टिप्पणी की जा रही है ये घिनोनै हमले भारत के राजनीतिक विमर्श को विषाक्त करने के साथ संवैधानिक मूल्यों को खतरे में डाल रहे हैं। माननीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस संबंध में देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इन टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त की है लेकिन प्रधानमंत्री ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री इसका खंडन नहीं करना चाहते।

# राजस्थान राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चौथे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम


ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चौथे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम।

**झुंझुनूं।** राजस्थान राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के चौथे दिन खेल का रोमांच अपने चरम पर रहा। झुंझुनूं स्थित डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल में हो रही इस प्रतियोगिता में विभिन्न वजन वर्गों में खिलाड़ियों ने अपनी शानदार क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल के साथ मुकाबले जीतकर अपनी योग्यता साबित की।

स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र मंडीवाल, निदेशक राजेश मंडीवाल और सीईओ डॉ. विवेक चौधरी ने विजेताओं को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक डॉ. अनंत शर्मा ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और जुनून के साथ खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल डॉ. अनंत शर्मा ने बताया कि अंडर 19 बॉयज 68 किलो ठाम वर्ग में सीकर के देवाशीष, झुंझुनूं के कृष्णा, डूंगरपुर के पवन व जोधपुर ठाामीण के शेखर ने, अंडर 17 35 किलोठााम वर्ग में अक्षय, सिरोही के स्वराज, चूरू के देवांशु व झुंझुनूं के जीवितेश ने, अंडर 17 बॉयज 45 किलोठााम वर्ग में बीकानेर के रघुराज, झुंझुनूं के ध्रुव, जयपुर सिटी के भुवनेश व बूंदी के प्रत ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मैडल जीता।

इसी क्रम में अंडर 19 बालिका 40 किलोठााम वर्ग में कोटा की प्रियाल, भीलवाड़ा की नेहा, चूरू की प्रीति व राजसमंद की पायल, अंडर 17 बालग 78 किलोग्राम वर्ग में भरतपुर के रूद्रप्रताप, सिरोही के प्रणव, जोधपुर ठाामीण के प्रदीप व अजमेर के हर्षित शर्मा, अंडर 17 बालिका 68 किलोठााम वर्ग में हनुमानगढ़ की सरिता, अलवर की नर्मित कौर, बीकानेर की अंकिता व सिरोही की अन्ना खान, अंडर 17 बॉयज 48 किलोठााम वर्ग में झुंझुनूं के जशन योगी, अजमेर के अरविंद, सीकर के शौर्य और जोधपुर ठाामीण के महावीर, अंडर 19 बालिका 55 किलोठााम वर्ग में जयपुर की पूनम, चूरू की चंद्रकला, अलवर की खुशी व झुंझुनू की तनु कुमारी, अंडर 17 बॉयज 51 किलोठााम वर्ग में झुंझुनूं के जतिन शर्मा, करौली के कृष्णा देशवाल, बीकानेर के पुलकित खत्री व चूरू के राजवीर सिंह राठौड़, अंडर 17 बॉयज 59 किलोठााम वर्ग में झुंझुनूं के अंकुश, जयपुर सिटी के दीपेश बोहरा, चूरू के निखिल व जोधपुर ठाामीण के हरिकृष्ण ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मैडल जीता।

बीकानेर शिक्षा विभाग निदेशालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक राउमावि बगड़ के प्रिंसिपल विनोद कुमार और चयन समिति संयोजक सरिता ने बताया कि राजस्थान के 45 जिलों से आए 1391 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। उनके साथ 225 से अधिक कोच और दल प्रभारी भी मौजूद हैं।

## सार-समाचार

### ब्राह्मण समाज ने किया अभिनंदन

**झुंझुनूं।** स्थानीय चूणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीची में सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के झुंझुनूं आगमन पर ब्राह्मण समाज के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया की अगुवाई में ब्राह्मण समाज द्वारा साफा, माला, अंग वस्त्र पहना भगवान राम का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम संयोजक ललित जोशी ने बताया कि इस अवसर पर पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण विप्र बंधुओं को अहम का त्याग कर समाज को संगठित करने का कार्य करना चाहिए। उच्च शिक्षा मे समाज के बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग व्यवस्था करनी चाहिए। शिक्षा ही समाज के उत्थान में सहायक होती है। इस अवसर पर पवन देरवाला, प्रदीप शर्मा अलसीसर, पूर्व संयुक्त निदेशक वशिष्ठ शर्मा, संजय शुक्ला, सुरेश तिवाड़ी, पार्षद संजय पारीक, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, पूर्व पार्षद राकेश सहल, सुशील पचलांगिया, पंडित मुकेश महमिया, शिक्षाविद सुरेंद्र शर्मा, पवन पांडे, गोपीराम पुरोहित, एडवोकेट अनुपम शर्मा, एडवोकेट कमल पांडे, एडवोकेट पंकज बावलिया, अनिल जोशी, लीलाधर पुरोहित, सौरभ पुरोहित, नरेंद्र शर्मा, रमाकांत पुरोहित, राकेश व्यास, अंकित जोशी, रामू जोशी, श्रीराम शर्मा दोरासर, शंभू पुरोहित , पूनम पुरोहित आदि विप्रजन उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी , खड़गे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**झुंझुनूं।** एक तरफ जहां कांग्रेस भाजपा नेताओं पर अमर्यादित भाषा का उपयोग करने का आरोप लगा रही है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा भी कांग्रेस नेताओं पर अभद्र और अमर्यादित भाषा के उपयोग का आरोप लगा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को झुंझुनूं कोतवाली पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. बीएल वर्मा की मौजूदगी में भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां तथा डॉ. राजेश बाबल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को लेकर रिपोर्ट दी। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। सत्ता से बाहर और राजनीति में अपने अस्तित्व के संकट को जूझ रहे कांग्रेस नेता बौखलाहट में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी जाति को लेकर अभद्र व अमर्यादित बयानबाजी कर रहे है। जो सही नहीं है। इसलिए उनके खिलाफ केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

### प्रतियोगिता में झुंझुनूं एकेडमी का दबदबा

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी स्थित जीवेम स्पोर्ट्स एकेडमी के विद्यार्थी हर खेल प्रतियोगिताओं में नए कीर्तिमान रच रहे हैं। जानकारी देते हुए लॉन टेनिस कोच शेक. अकबर ने बताया कि जिला मुख्यालय की एक निजी स्कूल में 15 से 19 सितंबर तक आयोजित 68वीं जिला स्तरीय लॉन टेनिस एवं स्केटिंग प्रतियोगिता में झुंझुनूं एकेडमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर नए कीर्तिमान रचे हैं। लॉन टेनिस में अंडर-14 छात्र वर्ग में मेहुल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल, ट्रॉफी व सर्टिफिकेट जीता तथा स्कूल प्लस के छात्र रेहान ने सिल्वर मैडल एवं अभिराज मिश्रा ने ब्रॉन्ज मैडल जीता। ये तीनों छात्र जालौर में लॉन टेनिस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेंगे।

# सांतौर में घर में आग लगने से मची अफरा- तफरी

**खेतड़ी ( निसं )।** पचेरी कलां थाना क्षेत्र के सांतौर गांव में घरेलू गैस सिलेंडर की नलकी लीक होने पर एक मकान में आग लग गई। इस दौरान घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। ठाामीणों ने पुलिस की मदद से काफी देर बाद आग पर काबू पाया। पचेरीकलां थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया किसांतौर गांव में बबली देवी पत्नी नरेंद्र धानक के घर पर वह अपना घरेलू काम कर रही थी। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर की नलकी ने आग पकड़ ली। घर में आग लगने से अफरा- तफरी मच गई। बबली देवी ने बताया कि रसोई में रखें सिलेंडर की नलकी फटने से बड़ा धमाका हुआ और तब कुछ भी दिखाई नहीं दिया। वह अपने परिवार के साथ घर से बाहर निकलकर आए तब आग की रफ्तार बढ़ती नजर आ रही थी। आगजनी की घटना को देखते हुए ठाामीणजन अपना घर छोड़कर बाहर आना शुरू हो गए और पुलिस को सूचना दी। ठाामीणों ने बताया कि अचानक घर में आग लगने पर परिवार के लोगों की शोर शराबा सुनकर ग्रामीण भागदौड़ करने लगे और परिवार के सभी सदस्यों को घर से बाहर लाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। थानाधिकारी ने बताया कि ठाामीण अजय धानक ने जानकारी दी कि घर में सिलेंडर की नलकी फटने से आग लगी है। इसके बाद ठाामीणों ने एकजुट होकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे है। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ठाामीण व पुलिस के जवानों ने आग पर काबू पा लिया । पुलिस और ठाामीणों की संयुक्त कार्यवाही से बड़ा हादसा होने से टल गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन घर में रखा सामान और रसोई का संपूर्ण समान जलकर खराब हो गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ठाामीण अजय धानक ने बताया कि आग लगने की घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई थी, लेकिन ठाामीणों की सूझबूझ और एकजुटता से बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान थानाधिकारी राजपाल यादव ने ठाामीणों को आग बुझाने में उनकी बहादुरी और सूझबूझ के लिए प्रशंसा की।

## मुआवजा देने की मांग

**सादुलपुर।** सिद्धमुख क्षेत्र की ग्राम पंचायत कांजण व बिरमी खालसा में लगातार हो रही बारिश से मुंग मोठ की फसल खराब होने के कारण किसान चिंतित हैं। वहीं कांजण व बिरमी खालसा में लगातार हो रही बारिश से किसानो के मुरझाए चेहरे मुरझाये हुए नजर आये। कांजण से मुकेश गोस्वामी का आरोप है कि लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। जिसके कारण किसान बेहद दु:खी नजर आ रहे हैं। वहीं कांजण निवासी बजरंग गोस्वामी का आरोप है कि मुंग मोठ की फसल की लगभग कटाई हो चुकी है, लेकिन लगातार होर ही बरसात के कारण फसले पानी में बह रही हैं। जिससे किसानो को भारी नुकसान हुआ है। वहीं मुकेश गोस्वामी ने कहा कि किसानों की नष्ट हुई फसल की सम्बधिक अधिकारियों द्वारा जाँच कर किसानों को मुआवजा दिया जाए ताकि किसानों के फसल खराब होने से हुए नुकसान की कुछ क्षतिपूर्ति हो सके। उधर दूसरी तरफ गांव बिरमी खालसा के बहादूर सिंह, प्रेमसिंह व सुभाष का आरोप है कि उनके क्षेत्र में लगातार बरसात का दौर जारी है, जिसके कारण किसानों की मूंग व मोठ की फसले तबाह हो गई हैं।

# खानपुर में महिला की गोली मारकर हत्या का मामला



**खेतड़ी, ( निसं )।** सिंघाना थाना क्षेत्र के खानपुर में महिला की गोली मारकर हत्या के मामले में शुक्रवार को परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से मिलकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मृतक महिला के परिजनो ने थानाधिकारी से मिलकर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने व परिवार को सुरक्षा के लिए घर पर सरक्षा गार्ड लाने की मांग की। थानाधिकारी कैलाश यादव ने बुहाना डीएसपी नोपाराम भाकर को फोन के जरिए अवगत करवाया गया की मृतका के परिजन घटना को लेकर भय के साए में है। जिस पर उनकी ओर से गड़बड़ी की आंशका को देखते हुए पुलिस के जवान तैनात करने की मांग की गई है। जिस पर मृतका के परिजनो की मांग पर डीएसपी नोपाराम भाकर ने मृतका के घर पर दो हथियार बंद जवान लगाने के आदेश दिए। मृतका के परिजनो ने हत्या के आरोपियों की जल्द गिरफ्तार करने की मांग की । थानाधिकारी ने बताया कि 18 सितंबर की शाम को थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर उमेश यादव ने खानपुर में घर में घुसकर सजना देवी पत्नी वेदप्रकाश की पुरानी रंजिश को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दौरान पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने चार साथियों के साथ बोलेरो गाड़ी में आया था। घटना के दौरान अपने एक साथी के साथ घर में दाखिल होकर रसोई में काम कर रही सजना देवी को गोली मारकर फरार हो गया था।थानाधिकारी यादव ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की पांच टीमे लगी हुई है, जो राजस्थान, हरियाणा सहित संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मौके पर नरेश, रमेश, देशराज, अमर सिंह, विजय सिंह, दिलीप, राजेश, पतासीबाई, केसर, मणी, चंदा, उर्मिला, आंचल, प्रियंका, निकिता, अंकिता सहित लोगों ने हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी करने व घर पर सुरक्षा गार्ड लगाने की मांग की।

## वीसीआर समझौता समिति की बैठक संपन्न

**झुंझुनूं।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को झुंझुनूं वृत कार्यालय में वीसीआर समझौता समिति की बैठक आयोजित की गई।

अजमेर डिस्कॉम एसई एमके टीबड़ा ने बताया कि इस दौरान 200 उपभोक्ताओं को आमंत्रित किया गया था जिनके प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।


**नाम परिवर्तन**

मैं मोहम्मद रफीक भिश्ती पुत्र शमशेर अली भिश्ती जाति भिश्ती निवासी वार्ड पुराना 19 नया 23 बिसाऊ तहसील बिसाऊ जिला झुंझुनू राजस्थान का हूं। मैंने अपना नाम मोहम्मद रफीक अब्बासी (MOHAMMED RAFIK ABBASI) से परिवर्तित कर मो रफीक भिश्ती (MOHD RAFIK BHISTI) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावेगा।


# 68 वीं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन समारोह रंगारंग सम्पन्न

**सादुलपुर।** महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सादुलपुर के हिसार रोड खेल ग्राउंड पर पांच दिवसीय 68वीं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 17 वर्ष व 19 वर्ष शुक्रवार को रंगारंग सम्पन्न हुआ। वहीं विद्यालय प्रांगण में प्रातः ०9 बजे आयोजित हुए समापन समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी व पूर्व चेयरमैन मंगतूराम मोहता ने की। समारोह में अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, भामाशाह काशीराम जडिया, राजेन्द्र सिंह फोरेस्टर, रविन्द्र इन्दोरिया, मदनलाल सोनी, रामनिवास सूरा, प्रमोद सिंगला, प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह, खेल के सहसंयोजक उपप्राचार्य राजकुमार पूनिया, उपप्राचार्य ब्रह्मानंद, उपप्राचार्य राजवीर सुडा, एडवोकेट ओमप्रकाश कालरी, राजबाला व्याख्याता, शा शिक्षक पवन टुहानिया, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक कमल सिंह पूनिया नुहंद, सुभाष पूनिया, कोच विनोद गागडवासिया, उपप्राचार्य दिनेश कुमार आदि का माल्यार्पण, शॉल व मोमेंटो प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। वहीं अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर विधिवत अर्चना कर शुभारंभ किया। इसी दौरान बालिकाओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। वहीं 17 वर्ष व 19 वर्ष दोनों ही आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही टीमों को मैडल पहनाकर व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी मनोज पूनिया व शारीरिक शिक्षक हनुमान सिंह ने बताया कि 17 वर्ष खो-खो में प्रथम बाल विकास स्कूल दाऊदसर रहा। द्वितीय राउमावि भोजासर बडा तथा तृतीय राउमावि झाडसर गंजिया रहा। साथ ही 17 वर्ष में बेस्ट प्लेयर संजय भोजासर रहा। उधर 19 वर्ष में प्रथम स्थान पर राउमावि धीरवास बडा की टीम रही। द्वितीय राउमावि मेघसर रही तथा तृतीय राउमावि आबड्सर की टीम रही। वहीं 19 वर्ष में बेस्ट प्लेयर का खिताब आशीष कुमार धीरवास बडा ने प्राप्त किया। सह संयोजक राजकुमार व बृह्मानंद ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर खेल की विस्तृत जानकारी दी। सीबीईईओ बबलेश शर्मा ने खेलों से अनुशासन, नौकरियां व स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है विषय पर व्याख्यान देकर राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की नसीहत दी। प्राचार्य उर्मिला पूनिया ने प्रतिनियुक्त स्टाफ, कोच, रेफरी, स्कोरर, एस पी सी व स्काउट टीम व अन्य के द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने पर धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया। सभी कार्यकर्ताओं व निष्पक्ष निर्णय कर खेल सम्पन्न करवाने पर वाली टीम जिसमें कमल सिंह, पवन पूनिया, रतन कुमार सोलडा, रवि कुमार, दलवीर पूनिया, कृष्ण मुरारी सकरवाल, शंकर प्रजापत, अनिल खुड्डी, राजीव पूनिया, राजकुमार नवा, धर्मेंद्र पूनिया, महेंद्र ढेला, प्रदीप सहारन, जंगवीर पूनिया, रमेश सांगवान, मनोज पूनिया, अशोक कुमार, राजीव, दिनेश सहित समस्त शहरी क्षेत्र के स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का सम्मान कर आवास व्यवस्था में सहयोग पर आभार जताया गया।

## आदि गौरव सम्मान योजना में नामांकन 23 तक

**सीकर।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पुरोहित ने बतया कि आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर के निर्देशानुसार जनजाति समुदाय के लोगो की बहुमुखी भूमिका को प्रोत्साहित कर समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने की दृष्टि से आदि गौरव सम्मान प्रारम्भ किया गया है। जिसमें तीन श्रेणियों में सम्मान दिया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि आदिरत्न गौरव सम्मान खेल, शिक्षा, साहित्य एवं संस्कृति तथा विज्ञान, तकनिकी आजीविका आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के लिए व आदिसेवा गौरव सम्मान अनुसूचित जनजातिया के लिए व्यक्ति, पंचायतीराज संस्थाओं, गैर सरकारी, स्वैच्छिक संगठनों तथा समुदाय आधारित समूह, संगठनों द्वारा प्रदान की गई अनुकणीय सामुदायिक सेवा के लिए तथा आदिग्रामोत्थान गौरव सम्मान अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, जिला परिषद सहित तीन श्रेणियों में 23 सितम्बर 2024 को सांय 6 बजे तक जिला कलेक्टर सीकर को नामांकन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्राप्त नामांकन की प्रविष्ठियों के विभिन्न पहलुओं पर (जिला गठित स्कीनिंग कमेटी जांच उपरान्त विशिष्ट मापदण्डानुसार 24 सितम्बर 2024 को मूल्यांकन किया जाकर प्राप्तांकों सहित अनुशंषा 25 सितम्बर 2024 को आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर को भिजवाई जाएगी।


**नोटिस**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर अधिकारी महोदय लक्ष्मणगढ जिला सीकर राजस्थान**

**मोहन सिंह बनाम राम कोरी देवी आदि**

**मु. न.-269/2021**

**दावा बाबत उदघोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा अंतर्गत धारा 88, 188 रा. का अधिनियम 1955 बनाम हुसैन खां पुत्र अब्दुल मजीद खां जाति मुसलमान निवासी सीकर जिला सीकर राजस्थान**

वादी ने आपके विरुद्ध न्यायालय में दावा बाबत उद्घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा अंतर्गत धारा 88, 188 रा० का अधिनियम, 1955 में प्रस्तुत किया है। आपकी इस न्यायालय में दिनांक 23.10.2024 को दिन में 10:00 बजे उक्त दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात ( हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिए गए हो और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सके या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके । आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें । और उसे दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल सुनवाई पर आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे में हो अपने प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे से संबंधित साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबंध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें ।आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई व निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह बाद में उक्त सम्मन तारीख 23 माह 10 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया जाएगा।

मोहर अदालत

न्यायाधीश
सहायक कलेक्टर (फास्ट ट्रैक)
लक्ष्मणगढ सीकर



**Office : Kapil Jagian Advocate**
**Rajasthan High Court**
Mob. 9772030441 Court. Campus RAJGARH
Po. Sadulpu-331023 (Churu) Raj.

क्रमांक : दिनांक 20.09.2024

**कानूनी नोटिस**

**निमित :-** सर्वसाधारण आम या खास

मुझे विजेन्द्र कुमार पुत्र गोपालराम जाति जाट निवासी कान्धराण तहसील राजगढ़ जिला चूरू ने अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है, जिनकी हिदायतानुसार सर्वसाधारण/आमजन/आमखास को जरिये कानूनी नोटिस सूचित किया जाता है :-

1. यह कि मेरे मुव्वकिल का सगा पुत्र योगेश मेरे मुव्वकिल के कहने व सुनने में नहीं है। मेरे मुव्वकिल का पुत्र योगेश आपराधिक प्रवृति के लोगों की संगत में रह रहा हैं जो चोरी आदि गैरकानूनी वारदात भी करता रहता है। मेरे मुव्वकिल को ज्ञात सूत्रों से पता चला है कि मेरे मुव्वकिल का पुत्र योगेश, सुमन नाम की महिला के साथ लिव इन रिलेसनसीप में रह रहा है। मेरे मुव्वकिल ने अपने पुत्र योगेश को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वो समझने को तैयार नहीं है। इसलिए हर आम शख्स को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल ने अपने पुत्र योगेश से अपने तमाम सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल अचल सम्पति से अपने पुत्र योगेश को बेदखल कर दिया है। आज के बाद से मेरे मुव्वकिल का उसके पुत्र योगेश से कोई संबंध नहीं रहा है।

अत: सर्वसाधारण को जरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल का पुत्र योगेश उसके साथ रहने वाली महिला सुमन किसी व्यक्ति, संस्था, गैर सरकारी संस्था, सरकारी संस्था या अन्य कोई निकाय या समाज से कोई किसी प्रकार का संव्यवहार करते है या योगेश से कोई रूपयों का लेनदेन करते है तो इसमें मेरे मुव्वकिल व मेरे मुव्वकिल के परिवार की कोई जिम्मेदारी व जवाबदारी नहीं होगी तथा मेरे मुव्वकिल के पुत्र योगेश द्वारा किये गये किसी भी आपराधिक, अनैतिक कार्य के लिए उक्त योगेश व उसकी महिला मित्र सुमन की स्वयं उत्तरदायी होंगे। इस संबंध में मेरा मुव्वकिल व मेरे मुवकिल के परिवार का अन्य कोई सदस्य उतरदायी नहीं होगा। मेरे मुव्वकिल के पुत्र से किसी के द्वारा सम्पर्क व संव्यवहार करने वाले स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

कपिल जागलान एडवोकेट
पो. सादुलपुर जिला चूरू


## 5 साल पुराना अवैध अतिक्रमण हटाया

**पाटन।** जिला कलेक्टर नीमकाथाना की जनसुनवाई के दौरान अरावली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिहारीपुर रोड डाबला के निदेशक मनीष यादव ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों से मेरी स्कुल के सामने राजवीर बावरिया का परिवार स्कूल के मेन गेट के सामने अतिक्रमण किया हुआ है, जिस कारण स्कूल की बसों को एवं बच्चों को स्कूल के दूसरे गेट से होकर आना पड़ रहा है। इस बारे में स्थानीय प्रशासन को भी अवगत करवाया गया परंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ। पिछले वर्ष 19 सितंबर 2023 को स्थानीय प्रशासन द्वारा अतिकर्मियों का अतिक्रमण हटाया था, परंतु अतिकर्मीयों ने पुन अतिक्रमण कर लिया,जिसके चलते समस्या खत्म होने के बजाय समस्या वैसे के वैसे ही खड़ी रह गई। परिवादी की पूरी बातें सुनकर जिला कलेक्टर नीमकाथाना शरद मेहरा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की मौके पर पुलिस जाप्ता ले जाकर अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाए और हमें अवगत कराया जाए। जिला कलेक्टर के आदेशों की पालना करते हुए पाटन तहसीलदार मुनेश सर्वा, डाबला थाना अधिकारी राजवीर सिंह, कानूनगो, पटवारी सहित पुलिस जाप्ता अरावली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाबला पहुंचे।

# गांव भोजाण में अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना


गांव भोजाण में अवैध अतिक्रमण को हटवाने की माँग को लेकर मिनीसचिवालय राजगढ में नारेबाजी कर ज्ञापन देते ग्रामीणजन।

**सादुलपुर।** गांव भोजाण में अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर भोजाण गांव की मेघवाल धर्मशाला में अनिश्चिकालीन धरने पर बैठे ग्रामीणों की मांग पर कार्यवाही नहीं होने के विरोध में शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणजन मिनीसचिवालय राजगढ पहुँचे, जहां प्रशासन व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए तहसीलदार कार्यालय पहुँचे। जहां पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के तहसील अध्यक्ष नविन सिंह राठौड के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार राजगढ के पीए अजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणो ने बताया कि भोजाण गांव के शिव मंदिरके समाने से कटौनी रास्ते पर जो कि कन्या विद्यालय, मोक्षभूमि, आंगनबाडी केन्द्र, चिकित्सालय और गांव बागडवा की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग है, जिस पर अवैध अतिक्रमण को हटवाने, गांव की मेघवाल धर्मशाला की भूमि पर से अतिक्रमण हटवाने तथा सार्वजनिक कुएं की भूमि पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए ग्रामीणजन चार दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रैंग रही है। उन्होंने बताया कि गांव की पांच मांग, जिनमें अतिक्रमण को हटवाने के लिए पूर्व में भी दिनांक 11 जनवरी 2022 से 22 जनवरी 2022 तक ग्रामीण धरने पर बैठे थे, मगर उस समय भी दो माँगे मान ली गई लेकिन तीन मांगों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस संबन्ध में 1० सितम्बर 2024 को भी जिला कलेक्टर चूरू के नाम ज्ञापन दिया गया था, तथा प्रशासन ने पांच दिन का समय मांगा था, लेकिन पांच रोज बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीणजन 17 सितम्बर 2024 से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अब ग्रामीणजन भूख हडताल, आमरण अनशन और रास्तो पर चक्का जाम प्रदर्शन करेंगे। साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिनों में हमारी मांगो पर प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की तो 22 सितम्बर 2024 सोमवार को मुख्य रास्ता हरपालू से बहल, रामपुरा रोड तथा भोजाण से बिराण को जाने वाले रास्तो पर चक्का जाम करेंगे। जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी राज्य सरकार का प्रशासन की होगी। गोरतलब है कि भोजाण में अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर 17 सितम्बर 2०24 से भोजाण गांव के ग्रामीणजन गांव की मेघवाल धर्मशाला में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। ज्ञापन देने के दौरान रणधीर गोस्वामी, महावीर मेघवाल, सोमवीर प्रजापत, सुधन प्रजापत, विजेन्द्र बागडवा, टिनू राठौड आदि उपस्थित थे।

## घरेलू सिलेण्डरों को ले रहे थे व्यावसायिक उपयोग में काम

**सीकर ।** जिला रसद अधिकारी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जयपुर के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 27 सितम्बर तक चलाए जा रहे अभियान के तहत घरेलू सिलेण्डर के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा द्वारा गठित टीम द्वारा सीकर शहर में सांवली सर्किल स्थित विभिन्न होटलों, फर्मो पर औचक कार्यवाही की गई।

प्रवर्तन अधिकारी अंशु तिवाड़ी ने बताया कि मैसर्स होटल विनायक एण्ड फैमली रेस्टोरेंट सांवली से 4 घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स नगणेची माता ज्यूस एण्ड रेस्टोरेंअ सांवली से 02 घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स ग्रीन चीली कैफे स्वीट्स एण्ड बैकर्स सांवली, सीकर से 03 घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स जय होटल एण्ड फैमली रेस्टोरेंट सांवली, सीकर से 04 घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स जय श्री श्याम होटल एण्ड पवित्र भोजनालय सांवली सर्किल के पास सीकर से एक घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स राजकुमार पुत्र भगवानाराम सांवली सर्किल के पास से एक घरेलू सिलेण्डर, मैसर्स ठेकेवाली चाय सांवली सर्किल के पास से 03 घरेलू सिलेण्डर सहित कुल 7 फर्मो से 18 घरेलू सिलेण्डर जब्त किए है।


**कार्यालय नगरपरिषद, चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक :-न.प./चूरू/भूमि/2024-25/राजकाज रेफरेंस नं.10634160 दिनांक 20.09.2024

**सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपत्ति आमंत्रण-पत्र)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री मोहम्मद अयूब छिम्पा, मोहम्मद रफीक व हासम अली पुत्रगण स्व. हाजी अनवर निवासी वार्ड नं. 06 छिम्पा की मस्जिद के पास, चूरू द्वारा कस्बा चूरू की स्टेशन रोड पर शास्त्री मार्केट में मौजूद चुंगी नाका नं. 01 व विश्राति गृह रोडवेज कार्यालय के मध्य स्थित वाणिज्यिक अभिप्राय की दुकान नं. 26 साईज 10X20 फीट अर्थात 18.95 वर्गमीटर का पट्टा विलेख अपने पक्ष में जारी करवाये जाने हेतु विभाग को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। कार्यालय रिकॉर्ड के अनुसार प्रश्नगत स्थल पर विभाग की ओर से कालान्तर में अनुमोदित व्यवसायिक योजना में मौजूद वर्णित दुकान विक्रय हेतु विभाग की ओर से वर्ष 1974 में आयोजित निलामी में संबंधित आवेदकगण के स्व. दादाजी हाजी गफूर पुत्र स्व. हाजी कालू द्वारा भाग लिया जाकर वर्णित दुकान को क्रय किये जाने हेतु लगाई गई बोली अंतिम बोली के रूप में स्वीकार किये जाने पर विभाग द्वारा संबंधित आवेदकगण के स्व. दादाजी हाजी गफूर से संपूर्ण स्वीकृत बोली राशि निकाय कोष में जमा लिए जाने के पश्चात भी वर्णित दुकान का पट्टा विलेख संबंधित आवेदकगण के स्व. दादाजी हाजी गफूर के पक्ष में जारी होना नहीं पाया गया। वर्तमान में चूंकि संबंधित आवेदकगण के दादाजी एवं सफल बोलीदाता की मृत्यु हो चुकी है। जिसके फलस्वरूप वर्तमान में संबंधित आवेदकगण द्वारा अपने स्व. दादाजी हाजी गफूर का सक्षम स्तर से जारी वंशवृक्ष के अनुसार अपने अतिरिक्त अपने स्व. दादाजी हाजी गफूर के अन्य जायन्दा वारिसान की ओर से वर्णित दुकान के स्वामित्व का परित्याग (अपंजीकृत) अपने पक्ष में करवाया जाकर उत्तराधिकारी विधि के अन्तर्गत वर्णित दुकान पर संयुक्त रूप से अपने स्वामित्व का दावा प्रस्तुत कर वर्णित दुकान का विधिवत पट्टा विलेख संयुक्त रूप से अपने पक्ष में जारी करवाये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः वर्णित दुकान का संबंधित आवेदकगण के पक्ष में वर्णितानुसार पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्थान/हितधारक को किसी भी प्रकार का कोई आपत्ति हो, तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में उपयुक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदकगण के पक्ष में कर दिया जावेगा।

(अभिलाषासिंह) आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू

## साक्षात्कार की दिनांक जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा विभाग प्रतियोगी परीक्षा-2023 के अन्तर्गत हिंदी विषय के 214 पदों हेतु प्रथम चरण के साक्षात्कार का आयोजन 7 से 25 अक्टूबर तक होगा। आयोग सचिव ने बताया कि साक्षात्कार पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

# प्रियंका विश्नोई की मौत के मामले की जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी

## कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से मना कर दिया

■ जिला कलेक्टर ने बताया कि जांच रिपोर्ट को सीधा सरकार को भेजेंगे

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर की असिस्टेंट कलेक्टर रही प्रियंका विश्नोई की मौत के मामले की जांच रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शुक्रवार को कलेक्टर गौरव अग्रवाल को सौंप दी। कलेक्टर ने रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि इसे सीधा सरकार को भेजेंगे।

जानकारी के अनुसार पांच सितंबर को प्रियंका विश्नोई का जोधपुर के वसुंधरा हॉस्पिटल में बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था, लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई थी। परिवार वाले उन्हें सिम्स (अहमदाबाद) ले गए थे। परिवार ने वसुंधरा हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। इधर, गुरुवार को जब उनका पार्थिव शरीर जोधपुर पहुंचा तो समाज और परिजन हॉस्पिटल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग पर अड़ गए थे। समाज के लोगों का कहना था कि कमेटी बनने के बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं आई। करीब साढ़े चार घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद वे माने और गुरुवार शाम को ही फलोदी के सुरपुरा गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

तीन दिन पहले इस मामले को लेकर कलेक्टर की ओर से एसएन मेडिकल कॉलेज के एक्सपर्ट की टीम बनाकर मामले की जांच के आदेश दिए थे। इस टीम में गायनिक विभाग से डॉ. रंजना देसाई, मेडिसिन से डॉ. इंदू थावानी, सर्जरी से डॉ. विजय शर्मा, न्यूरोलॉजी से डॉ. शुभकरण खींचड़, एनेस्थीसिया से डॉ. नवीन पालीवाल को शामिल किया गया था। यह रिपोर्ट अब सिधे राज्य सरकार को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार सरकार आगे की कार्रवाई करेगी।

## दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये एसपी देवेंद्र विश्नोई के दिशा-निर्देशों पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो शातिर वाहन चोर युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चुराई गई बाइक बरामद की है।

क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस ने बजरंग कॉलोनी किशनगढ़ निवासी शुभम सुनारीवाल उर्फ मोनू पुत्र प्रकाशचन्द सुनारीवाल व सांवतसर किशनगढ़ निवासी अजय रेदास पुत्र छगन लाल रेगर को नारीशाला के पीछे लोहागल अजमेर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शास्त्रीनगर शॉपिंग सेन्टर के पास से चुराई गई मोटरसाइकिल व 14 अगस्त को रेगर मोहल्ला बड़ी बस्ती पुष्कर से चुराई गई बाइक भी बरामद की।

### कार्यालय नगर पालिका अकलेरा जिला झालावाड़ (राज.)

क्रमांकः-न.पा.अ./2024/1205 दिनांकः-20.09.2024

**-: ई-निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बोर्ड अकलेरा द्वारा वित्तिय वर्ष 2024-25 में कार्य करवाये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से ऑन लाईन निविदा सूचना कमांकः-न.पा.अ./2024/1198-1200 दिनांक 18.09.2024 सें 197.00 लाख रुपयें की आमंत्रित की जाती है। जिसकी अंन्तिम तिथि दिनांक 03.10.2024 रखी गई है। ई-निविदा से सम्बंधित जनकारी एवं निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड एवं देख सकते है। **NIB Code:- DLB2425A2701 And UBN No. DLB2425SLOB08415, DLB2425SLOB08416, DLB2425SLOB08417, DLB2425SLOB08418, DLB2425SLOB08419, DLB2425SLOB08422, DLB2425SLOB08424, DLB2425SLOB08425, DLB2425SLOB08426, DLB2425SLOB08427** पर देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका अकलेरा

राज.संवाद/सी/24/5466

### कार्यालय नगर पालिका अकलेरा जिला झालावाड़ (राज.)

क्रमांकः-न.पा.अ./2024/1190 दिनांकः-18.09.2024

**-: संशोधित ई-निविदा सूचना :-**

इस कार्यालय द्वारा निविदा सूचना संख्या न.पा.अ/2024/1141-1143 दिनांक 11.09.2024 के द्वारा कुल 06 कार्यो कि नगर पालिका बोर्ड अकलेरा द्वारा वित्तिय वर्ष 2024-25 में कार्य करवाये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से ऑन लाईन निविदा सूचना कमांकः-न.पा.अ./2024/1141-1143 दिनांक 11.09.2024 सें 45.45 लाख रुपयें की आमंत्रित की गई थी। जिसकी अंन्तिम तिथि दिनांक 20.09.2024 रखी गई थी। जिनके **NIB Code:- DLB2425A2567, DLB2425A2568** उक्त निविदाओं कि तकनिकी कारणो से **e-proc** पर अपलोड नही होंने के कारण उनकी संशोधित निविदा दिनांक 19.09.2024 से 26.09.2024 रखी गई है। तथा निविदा खोलने कि दिनांक 27.09.2024 रखी गई है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका अकलेरा

राज.संवाद/सी/24/5462

### Office of The Executive Engineer Water Resources Division Kota

क्रमांक-EE/WRD/Ac./2024-25/2295-2303 Date: 11.09.2024

**NIT No.- 09/2024-25**

On behalf of the Governor of Rajasthan, e-Tenders are invited from eligible Bidders for the Works of

**Item No. 01** "Construction of Shamshan Ghat Shades for rehabilatation Colonies Dudakali, Dadiya, Tamoliya, Sarankhedi, Sohanpura, Talyabadi and Raghunathpura of Takli Dam, tehsil- Ramganjmandi, under Takli Medium Irrigation Project" (Estimated Cost Rs. 50.18 Lac)
**Item No. 02** "Construction of Boundary wall of Talyabadi temple and Development of Campuses of Community Center and Temple at Talyabadi Rehabilitation Colony Under Takli MIP" (Estimated Cost Rs. 33.39 Lac)
**Item No. 03** "Construction of Remaining Tubewells in rehabilitation colonies sarankheri, Sohanpura, Talyabari, Tamoliya, Dudkali, Dadiya and Raghunathpura of Takli MIP" (Estimated Cost Rs. 27.50 Lac)
**Item No. 04** "Repair, maintenance and replacing of Wiring of takli Dam Gate under Takli Medium Irrigation Project, Tehsil - Ramganjmandi " (Estimated Cost Rs. 15.59 Lac)
**Item No. 05** "Repair of Rest House building at Heenchar of HCSP" (Estimated Cost Rs. 14.24 Lac)
**Item No. 06** "Construction appraoch road for Raghunathpura Villagers which situated out side Submergence Area of Takli dam Tehsil. Ramganj mandi, Distt. Kota Under Takli MIP "(Estimated Cost Rs. 4.89 Lac)
**Item No. 07** "To provide approach road for agriculture fields and CD works near Tamoliya village Tehsil Ramganjmandi under Takli Medium Irrigation project" (Estimated Cost Rs. 4.88 Lac)
**Item No. 08** "To provide temporary approach road for Karamkhedi Balaji and agriculture fields near Bhimpura village Tehsil Ramganjmandi under Takli Medium Irrigation project" (Estimated Cost Rs. 4.87 Lac) are invited from interested bidders from 12.09.2024 (9:30 Hr) to 24.09.2024 till 18:00 Hr other particulars, terms & conditions may be seen on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.nic.in, www.dipr.rajasthan. gov.in & www.water.rajasthan.gov.in.

**NIB Code: WRD2425A0187**
**UBN NO-**
**Item No. 1 - WRD2425WSOB00619, Item No. 2 - WRD2425WSOB00620**
**Item No. 3 - WRD2425WSOB00621, Item No. 4 - WRD2425WSOB00622**
**Item No. 4 - WRD2425WSOB00623, Item No. 6 - WRD2425WSOB00624**
**Item No. 7 - WRD2425WSOB00625, Item No. 8 - WRD2425WSOB00626**

Executive Engineer
Water Resources Division, Kota

DIPR/C/8699/2024

# शिक्षा मंत्री के खिलाफ पोस्टर लगाने के मामले में शिक्षक नेता निलंबित

■ शिक्षक नेता शंभू सिंह मेड़तिया ने शिक्षा मंत्री के खिलाफ पोस्टर लगाकर कहा था पलटूराम

**जोधपुर, (कासं)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के खिलाफ पोस्टर लगाने वाले शिक्षक नेता शंभू सिंह मेड़तिया को निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से इसको लेकर आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में शिक्षा मंत्री के खिलाफ अशोभनीय नारेबाजी करने, उनके खिलाफ जोधपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाने और शिक्षा मंत्री को पलटूराम जैसे शब्दों का प्रयोग किए जाने के कारण विभाग की छवि धूमल होने के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

आदेश के मुताबिक मेड़तिया का राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागा सूरसागर से निलंबन होने पर उनका मुख्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शेरगढ़ जोधपुर ग्रामीण किया गया है। जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री दिलावर जोधपुर जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के खिलाफ शिक्षक नेता शंभू सिंह मेड़तिया की ओर से पोस्टर और होर्डिंग लगाए गए थे जिसमें शिक्षा मंत्री दिलावर को पलटूराम कहा गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंत्री का विभाग बदलने की मांग भी की गई थी। यह पोस्टर सामने आने के बाद पूरे शहर में और जयपुर तक चर्चा का विषय बन गए थे। इसके बाद आनन- फानन में बुधवार रात को शिक्षा विभाग की ओर से सर्किट हाउस और आसपास की जगह से होर्डिंग हटवाए गए थे। इसके बाद स्कूल शिक्षा जोधपुर संभाग की जॉइंट डायरेक्टर सीमा शर्मा ने डीईओ प्रारंभिक मुख्यालय पुरुषोत्तम राजपुरोहित को शिक्षक नेता शंभू सिंह मेड़तिया के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने को लेकर निर्देश दिए थे। कार्रवाई करते हुए अब मेड़तिया को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले एक बार शंभू सिंह मेड़तिया ने शिक्षा मंत्री का सर्किट हाउस में प्राइवेट स्कूलों के समर्थन का आरोप लगाते हुए भी प्रदर्शन किया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उनके नाम का चयन होने के बाद भी दूसरे दिन उनके नाम को हटा दिया था उनके खिलाफ 16 सीसीए की चार्जशीट भी जारी की गई थी।

निलंबन के आदेश जारी होने के बाद शिक्षक नेता की ओर से सोशल मीडिया पोस्ट लिखी, जिसमें बताया कि आज उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर

क्रमांक-एफ()/निविदा/2024-25/865 दिनांक-17.09.2024

**NOTCE INVITING BID**
**NIT NO 08-13/2024-25**

Bids for NRM Works Under MJSA-2 and PMKSY 2.0 project area in Jalore and Sanchore of estimated Value INR 1306.16 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 08-10-2024, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://Sppp. rajasthan.gov.in) of the state.

| NIT No. | Work Name & Block | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| NIT-08/ 2024-25 MJSA-2 | Tanka with agor, Rooftop Tanka, Farm Pond (Jalore) | WSC2425A0230 | WSC2425 WSRC00450 |
| NIT-09/ 2024-25 MJSA-2 | Tanka with agor and Rooftop Tanka (Sayla) | WSC2425A0230 | WSC2425 WSRC00451 |
| NIT-10/ 2024-25 MJSA-2 | Farm Pond and Rooftop Tanka (Bhinmal) | WSC2425A0230 | WSC2425 WSRC00452 |
| NIT-11/ 2024-25 MJSA-2 | Sub Surface Barrier, Percolation Tank, Farm Pond and Khadin (Raniwara) | WSC2425A0230 | WSC2425 WSRC00453 |
| NIT-12/ 2024-25 MJSA-2 | Tanka and Farm Pond (Bagoda) | WSC2425A0230 | WSC2425 WSRC00454 |
| NIT-13/ 2024-25 PMKSY-2 | Tanka (Chitalwana) | WSC2425A0230 | WSC2425 WSRC00455 |

(Arun Kumar Ameta) SE & PMWCDC,
ZILA PARISHAD JALORE
DDO CODE NO. 28606

DIPR/C/8725/2024

### भारत सरकार, रेल मंत्रालय रेलवे भर्ती बोर्ड

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 06/2024

**सांकेतिक सूचना**

**गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियाँ (पूर्व स्नातक) के विभिन्न पदों के लिए भर्ती**

नीचे दी गई तालिका में दिए गए विभिन्न कोटियों के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **20.10.2024** है । **सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।**

आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 21.09.2024
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 20.10.2024 23:59 PM

| पदों के नाम | 7वें सीपीसी में वेतन स्तर | प्रारंभिक वेतन (₹) | चिकित्सा मानक | आयु (01.01.2025 को)* | कुल अनुमानित रिक्तियां (सभी रेलवे भर्ती बोर्ड) |
|---|---|---|---|---|---|
| वाणिज्यिक सह टिकट लिपिक | स्तर-3 | 21700 | विस्तृत सीईएन में अनुलग्नक-A देखें | 18-33 वर्ष | 2022 |
| लेखा लिपिक सह टंकक, कनिष्ठ लिपिक सह टंकक रेलगाडी लिपिक | स्तर-2 | 19900 | | | 1423 |
| | | | | कुल (सभी रे.भ.बो.): | 3445 |

* इसमें केवल कोविड 19 महामारी के कारण लागू निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट शामिल हैं।
अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे सूचीबद्ध सभी भाग लेने वाले रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध विस्तृत केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 06/2024 देखें।

| आरआरबी | वेबसाइट का पता | आरआरबी | वेबसाइट का पता |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद | www.rrbahmedabad.gov.in | कोलकत्ता | www.rrbkolkata.gov.in |
| अजमेर | www.rrbajmer.gov.in | मालदा | www.rrbmalda.gov.in |
| बेंगलुरू | www.rrbbnc.gov.in | मुंबई | www.rrbmumbai.gov.in |
| भोपाल | www.rrbbhopal.gov.in | मुजफ्फरपुर | www.rrbmuzaffarpur.gov.in |
| भुवनेश्वर | www.rrbbbs.gov.in | पटना | www.rrbpatna.gov.in |
| बिलासपुर | www.rrbbilaspur.gov.in | प्रयागराज | www.rrbald.gov.in |
| चंडीगढ़ | www.rrbcdg.gov.in | रांची | www.rrbranchi.gov.in |
| चेन्नई | www.rrbchennai.gov.in | सिकंदराबाद | www.rrbsecunderabad.gov.in |
| गोरखपुर | www.rrbgkp.gov.in | सिलीगुड़ी | www.rrbsiliguri.gov.in |
| गुवाहाटी | www.rrbguwahati.gov.in | तिरूवनंतपुरम | www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| जम्मू-श्रीनगर | www.rrbjammu.nic.in | *** | **** |

यह अधिसूचना पूर्णत सांकेतिक प्रकार का है। उम्मीदवारों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत सीईएन 06/2024 देखना आवश्यक है। उपरोक्त भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट/महत्वपूर्ण सूचना समय पर केवल आरआरबी की उपरोक्त वेबसाइटों पर जारी की जाएगी।।

संख्या: RRB/All/Advt./CEN-06/2024
दिनांक: 21.09.2024

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।

# पैंथर ने 48 घंटे में एक और महिला को शिकार बनाया

## ग्रामीणों में भय व्याप्त, पैंथर को गोली से मारने की मांग की

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र के छाली पंचायत में आदमखोर पैंथर का आतंक कायम है पैंथर ने 48 घंटे में तीसरा शिकार करते हुए शुक्रवार शाम छाली के उमरिया गांव में खेत में काम कर रही महिला को शिकार बनाया। पैंथर के आतंक से परेशान ग्रामीण पैंथर को गोली मारने की मांग कर रहे हैं। वही वन विभाग ने नर भक्षी पैंथर को पकड़ने के लिए तीन पिंजरे लगाये हैं लेकिन ग्रामीण इससे संतुष्ट नही हैं और पैंथर को गोली मारने की मांग पर अड़े हुए हैं।

जानकारी के अनुसार आदमखोर पैंथर ने महिला पर हमला कर उसे मारा तो महिला की आवाज सुनकर आस-पास खेतों में मौजूद लोग बचाने के लिए दौड़े तो पैंथर भाग गया। ग्रामीणों ने बताया कि पैंथर के हमला करने पर हमेरी भील जोर से चिल्लाने लगी। इस पर हम लोग कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे लेकर खेत की तरफ भागे, लेकिन तब तक पैंथर हमेरी भील को खींचकर जंगल में झाड़ियों की तरफ ले जा चुका था।

ग्रामीणों ने बताया कि हमेरी भील का खेत जंगल से सटा हुआ है। जब हम सब लोग मौके पर पहुंचे तो वहां हमेरी भील की ओढनी पड़ी थी। हम लोगों ने झाड़ियों में हमेरी भील को देखा और लेपर्ड उसके पास ही बैठा हुआ था। काफी देर तक भी पैंथर वहां से नहीं हटा तो सब लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद पैंथर वहां से हटा तो हम झाड़ियों की तरफ गए वहां हमेरी का शव पड़ा मिला। उदयपुर में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी आदमखोर हुए पैंथर ने एक ही पंचायत में एक के बाद एक हमले कर 48 घंटों में तीन लोगों का शिकार किया हो। वन विभाग की टीमें लगातार पैंथर को तलाश रही हैं।

छाली सरपंच गणेश लाल खैर ने बताया कि पैंथर ने किशोरी का शिकार किया, गुरूवार सुबह किशोरी का शव बरामद हुआ था। उसके बाद ही अगर वन विभाग चेत जाता और कार्रवाई शुरू कर देता तो गुरूवार शाम पैंथर हमले में मारे गए वृद्ध खुमाराम की जान बच सकती थी। किशोरी को पैंथर ने मारा था, यह स्पष्ट रूप से नजर आ रहा था, लेकिन स्थानीय वनकर्मी यह बात ही साबित करने में लगे रहे कि किशोरी को पैंथर ने नहीं मारा है और यह कहकर अधिकारियों को गुमराह किया। जब हम ग्रामीण एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे तो उन्हें भी वनकर्मी ने यही कहकर गुमराह किया कि मरी लडकी को किसी जानवर ने खाया है।वनकर्मी अधिकारियों को गुमराह कर रहा था और इसी बीच पैंथर ने वृद्ध का शिकार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पैंथर ग्रामीणों पर हमला कर उनका न सिर्फ शिकार कर रहा है, बल्कि खा भी रहा है।

### राजस्थान सरकार
### निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

**क्रमांक** निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML VI)/2024/ई - 08409

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आंवटन के लिए 211 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

| क्र.सं. | जिला | तहसील | ग्राम | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | झूंझूनू | उदयपुरवाटी | झडाया नगर | चेजा पत्थर | 1 |
| 2 | बूंदी | तालेड़ा | देवरिया | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 3 | चित्तौड़गढ़ | भदेसर | मगरदा | चायना क्ले, मेसेनरी स्टोन (क्वार्टजाईट) | 1 |
| 4 | चित्तौड़गढ़ | भदेसर | गरदाना | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 5 | चित्तौड़गढ़ | गंगरार | कांटी | चायना क्ले, मेसेनरी स्टोन | 4 |
| 6 | चित्तौड़गढ़ | गंगरार | अमरपुरा | ग्रेनाईट व मेसेनरी स्टोन | 17 |
| 7 | भीलवाड़ा | बनेड़ा | रूपाहेली खुर्द | ग्रेनाईट | 5 |
| 8 | भीलवाड़ा | हमीरगढ़ | कलुन्दिया | रेड ऑकर, येला ऑकर व चायना क्ले | 3 |
| 9 | भीलवाड़ा | हमीरगढ़ | दलेलसिंहजी का खेड़ा | चायना क्ले, मेसेनरी स्टोन (क्वार्टजाईट) | 1 |
| 10 | भीलवाड़ा | रायपुर | नाथड़ियास | क्वार्टज फेल्सपार, माईका | 1 |
| 11 | भीलवाड़ा | आसींद | कटार | ग्रेनाईट | 10 |
| 12 | भीलवाड़ा | आसींद | जैतपुरा | अभ्रक, क्वार्टज व फेल्सपार | 3 |
| 13 | भीलवाड़ा | आसीन्द | झालरा | ग्रेनाईट | 3 |
| 14 | भीलवाड़ा | आसीन्द | दौलतगढ़ | ग्रेनाईट | 3 |
| 15 | भीलवाड़ा | आसीन्द | जोधा का खेड़ा | ग्रेनाईट, क्वार्टज व मेसेनरी स्टोन | 7 |
| 16 | भरतपुर | भुसावर | कोटकी | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 17 | भरतपुर | भुसावर | जसवर | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 18 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ | सालमगढ़ | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 19 | राजसमंद | भीम | बादनी (डुंगरखेड़ा) | मारबल | 10 |
| 20 | राजसमंद | भीम | बादनी (डुंगरखेड़ा) | मारबल, क्वार्टज व फेल्सपार | 4 |
| 21 | राजसमंद | राजसमंद | मियारी | क्वार्टज फेल्सपार | 5 |
| 22 | राजसमंद | राजसमंद | दोवड़ | क्वार्टज फेल्सपार व ग्रेनाईट | 1 |
| 23 | सीकर | पाटन | नृसिंहवाला | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 24 | डूंगरपुर | बिछिवाडा | छोटा ओडा | सोपस्टोन | 3 |
| 25 | डूंगरपुर | डूंगरपुर | भुवाली | क्वार्टज | 1 |
| 26 | डूंगरपुर | डूंगरपुर | दामड़ी | मेसेनरी स्टोन | 6 |
| 27 | उदयपुर | कुराबड़ | शिशवी | क्वार्टज व फेल्सपार | 1 |
| 28 | उदयपुर | मावली | थामला | मारबल | 1 |
| 29 | उदयपुर | मावली | चन्देसरा | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| 30 | जयपुर | चौमु | हाथनोदा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 31 | जैसलमेर | जैसलमेर | हडडा | लाइमस्टोन (डाइमेन्सनल) | 16 |
| 32 | नागौर | मुण्डवा | सैनणी | मेसेनरी स्टोन | 18 |
| 33 | नागौर | रियाबड़ी | पिपलिया | ग्रेनाईट | 6 |
| 34 | नागौर | लाडनूं | बाकलिया | मेसेनरी स्टोन | 9 |
| 35 | टोंक | मालपुरा | फूलमालियान | ग्रेनाईट | 13 |
| 36 | अजमेर | केकड़ी | एकलसिंगा | ग्रेनाईट | 1 |
| 37 | अजमेर | पीसांगन | गोला | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 38 | अजमेर | सावर | सावर | मारबल | 13 |
| 39 | अजमेर | नसीराबाद | न्यारा | क्वार्टज व फेल्सपार | 8 |
| 40 | अजमेर | अराई | चौसला | ग्रेनाईट | 18 |

विशेष नोट:-
1 प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(भगवती प्रसाद)IAS
निदेशक

DIPR/C/8776/2024

# सहायक आयुक्त को संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा

■ देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त के पास मिले 3.60 लाख रुपये

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भरतपुर टीम ने शुक्रवार को लुधावई टोल प्लाजा भरतपुर पर आकस्मिक चैकिग की कार्रवाई करते हुए देवस्थान विभाग भरतपुर के सहायक आयुक्त कृष्ण कुमार खण्डेलवाल को 3 लाख 60 हजार रुपये की संदिग्ध राशि के साथ पकडा हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की भरतपुर टीम को एक गोपनीय सूत्र से सूचना प्राप्त हुई कि देवस्थान विभाग भरतपुर के सहायक आयुक्त कृष्ण कुमार खण्डेलवाल अपने अधीनस्थ कार्यालयों से अवैध वसूली कर भारी धनराशि के साथ भरतपुर से जयपुर आ रहे हैं।

इस पर एसीबी की भरतपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर लुधावई टोल प्लाजा भरतपुर पर आकस्मिक चैकिंग की कार्रवाई करते हुए देवस्थान विभाग भरतपुर के सहायक आयुक्त कृष्ण कुमार खण्डेलवाल को 3 लाख 60 हजार रुपये की संदिग्ध राशि के साथ पकडा हैं। संदिग्ध राशि के संबंध में पूछने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जिस पर संदिग्ध राशि को जब्त कर लिया गया। एसीबी की टीम सहायक आयुक्त कृष्ण कुमार खंडेलवाल पूछताछ कर रही है। इसके अलावा एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सूने मकान में चोरी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** पुलिस की नाकामी के चलते गंगापुर सिटी में आए दिन चोरी की वारदतें हो रही है। बुधवार रात को शहर की उस्मान कॉलोनी वार्ड नंबर 55 स्थित अब्दुल खान के सूने मकान से चोर छह लाख के सोने-चांदी के आभूषण सहित 40 हजार रुपए की नकदी को चुराकर ले गए। पीड़िता रजिया बानो ने बताया कि उसके दादा का बुधवार को इंतकाल हो गया था। वह रात को मकान का ताला लगाकर बच्चों को लेकर दादा के घर पर गई थी। जबकि पति अब्दुल खान दिल्ली गया हुआ था। चोरी का पता सुबह 6 बजे घर वापस लौटने पर चला। घर पहुंची तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर बक्शा व आलमारी के ताले टूटे हुए पड़े हुए थे। बक्शे में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। वहीं, अब्दुल खान दादा के इंतकाल की सूचना मिलते ही दिल्ली से सुबह गंगापुर सिटी आया तो उसे घर में चोरी की वारदात का पता चला। इस पर उन्होंने उदेई मोड थाना पुलिस को चोरी होने की सूचना दी।

# नदी में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका जताई

■ पिता ने कहा कि दो युवक बाइक पर बैठाकर ले गए थे

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के गंगापुर मार्ग स्थित कटकड़ की गंभीर नदी की पुलिया के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सूरौठ के विजयपुरा निवासी रवि जाट (25) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस घटनास्थल से शव के पास मौजूद दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक के पिता ने दोनों संदिग्ध पर हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दी है।

सदर थाना पुलिस के साथ कोतवाली थाना प्रभारी हरलाल, सदर थाने के एएसआई महेश चंद, एएसआई अशोक कुमार जाब्ते के साथ जिला अस्पताल में मौजूद रहे। पुलिस के अनुसार दोनों संदिग्ध नशे की हालत में पाए गए, जिन्हें भर्ती किया गया है। फिलहाल उन्होंने पुलिस को कोई बयान नहीं दिया।

सदर थाने के एएसआई महेश चंद ने बताया कि विजयपुरा निवासी राजेंद्र जाट पुत्र राम सिंह ने रिपोर्ट दी है कि उसके छोटे पुत्र रवि को बुधवार सुबह अग्रसेन विहार कॉलोनी स्थित निज आवास से दो यवक अपने साथ उसे बलाकर मतक की बाइक के साथ गए थे। जिसके बाद दोपहर को उन्हें सोशल मीडिया पर कटकड नदी के पास एक युवक के मृत होने की जानकारी मिली। जिसमें मृतक का फोटो परिवादी के पुत्र रवि की निकली। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। इधर ग्रामीणों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक रवि जाट के पिता की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर मृतक के शव का राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मेडिकल ज्यूरिष्ट ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता एफएसएल जांच की रिपोर्ट मिलने पर ही होगा। परिजनों ने बताया कि मृतक विवाहित है। उसके दो पुत्र हैं।

### Office of The Block Development Officer Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

No.-375 Date-17-09-2024

**-:: Notice of Inviting Bid::-**

Bid for **Rate contract of Work Including Garbage Collection and Separation from Households and Commercial Establishments, Road and Drain cleaning, Cleaning of CSCs in all villages of all Gram Panchayat of Panchayat Samiti Sayla (Jalore)** and Other Construction Works in GP Thalwad & Mandwla as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat samiti sayla. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office.

| Name of Gram Panchayat | Approximate value of the procurement | UBIN | E-Procurement Tender ID |
|---|---|---|---|
| Alasan | 09.11 Lakh | ZJR2425SSRC00537 | 2024_PRD_419480_1 |
| Alwada | 03.73 Lakh | ZJR2425SSRC00539 | 2024_PRD_419540_1 |
| Asana | 03.61 Lakh | ZJR2425SSRC00540 | 2024_PRD_419559_1 |
| Anwloj | 11.79 Lakh | ZJR2425SLRC00542 | 2024_PRD_419520_1 |
| Bairath | 09.15 Lakh | ZJR2425SSRC00544 | 2024_PRD_419560_1 |
| Bakra | 12.63 Lakh | ZJR2425SLRC00545 | 2024_PRD_419563_1 |
| Balwada | 09.16 Lakh | ZJR2425SSRC00546 | 2024_PRD_419566_1 |
| Bishangarh | 10.34 Lakh | ZJR2425SLRC00547 | 2024_PRD_419512_1 |
| Bawtra | 05.12 Lakh | ZJR2425SSRC00548 | 2024_PRD_419553_1 |
| Bhandwapur | 03.00 Lakh | ZJR2425SSRC00549 | 2024_PRD_419567_1 |
| Chorau | 10.18 Lakh | ZJR2425SLRC00593 | 2024_PRD_419531_1 |
| Dabli | 01.65 Lakh | ZJR2425SSRC00551 | 2024_PRD_419558_1 |
| Dadal | 07.65 Lakh | ZJR2425SSRC00553 | 2024_PRD_419570_1 |
| Dangra | 07.80 Lakh | ZJR2425SSRC00554 | 2024_PRD_419543_1 |
| Detakallan | 09.09 Lakh | ZJR2425SSRC00556 | 2024_PRD_419575_1 |
| Elana | 10.00 Lakh | ZJR2425SSRC00557 | 2024_PRD_419578_1 |
| Jalampura | 02.04 Lakh | ZJR2425SSRC00594 | 2024_PRD_419514_1 |
| Jeewana | 09.49 Lakh | ZJR2425SSRC00595 | 2024_PRD_419549_1 |
| Khetlawas | 02.42 Lakh | ZJR2425SSRC00596 | 2024_PRD_419513_1 |
| Keshwana | 12.94 Lakh | ZJR2425SLRC00597 | 2024_PRD_419580_1 |
| Komta | 13.61 Lakh | ZJR2425SLRC00598 | 2024_PRD_419581_1 |
| Mandwla | 14.07 Lakh | ZJR2425SLRC00599 | 2024_PRD_419530_1 |
| Menglwa | 07.83 Lakh | ZJR2425SSRC00600 | 2024_PRD_419576_1 |
| Narsana | 09.60 Lakh | ZJR2425SSRC00601 | 2024_PRD_419555_1 |
| Otwala | 14.39 Lakh | ZJR2425SLRC00602 | 2024_PRD_419535_1 |
| Panthedi | 10.30 Lakh | ZJR2425SLRC00603 | 2024_PRD_419490_1 |
| Posana | 04.74 Lakh | ZJR2425SSRC00604 | 2024_PRD_419525_1 |
| Revtda | 19.88 Lakh | ZJR2425SLRC00605 | 2024_PRD_419503_1 |
| Sanfada | 07.77 Lakh | ZJR2425SSRC00606 | 2024_PRD_419510_1 |
| Sangana | 01.56 Lakh | ZJR2425SSRC00607 | 2024_PRD_419523_1 |
| Sirana | 02.96 Lakh | ZJR2425SSRC00610 | 2024_PRD_419562_1 |
| Surana | 09.44 Lakh | ZJR2425SSRC00612 | 2024_PRD_419551_1 |
| Tadva | 06.58 Lakh | ZJR2425SSRC00613 | 2024_PRD_419545_1 |
| Taliyana | 01.67 Lakh | ZJR2425SSRC00615 | 2024_PRD_419509_1 |
| Teja Ki Beri | 03.07 Lakh | ZJR2425SSRC00616 | 2024_PRD_419544_1 |
| Tikhi | 11.70 Lakh | ZJR2425SLRC00617 | 2024_PRD_419583_1 |
| Tiloda | 07.49 Lakh | ZJR2425SSRC00618 | 2024_PRD_419584_1 |
| Thalwad | 10.78 Lakh | ZJR2425SLRC00619 | 2024_PRD_419498_1 |
| Toora | 09.45 Lakh | ZJR2425SSRC00620 | 2024_PRD_419586_1 |
| Ummedabad | 19.93 Lakh | ZJR2425SLRC00621 | 2024_PRD_419485_1 |
| Unadi | 07.66 Lakh | ZJR2425SSRC00625 | 2024_PRD_419537_1 |
| Veerana | 06.72 Lakh | ZJR2425SSRC00626 | 2024_PRD_419527_1 |
| Vishala | 07.19 Lakh | ZJR2425SSRC00630 | 2024_PRD_419522_1 |
| Walera | 04.82 Lakh | ZJR2425SSRC00631 | 2024_PRD_419518_1 |
| Construction Work (Work Tender) | | | |
| Thalwad | 13.00 Lakh | ZJR2425WSOB00587 | 2024_PRD_419323_1 |
| Mandwla | Various Construction works (Upto 06.00 Lakhs) UBIN-ZJR2425WSOB00566, 567, 568, 572, 574, 576, 578 & 580 | | |

Block Development Officer
Panchayat Samiti Sayla (Jalore)
[illegible] (जालोर) राज.
[illegible] 102972

DIPR/C/8868/2024

# कारीगरों और शिल्पकारों को नये अवसर दे रही है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना : दिया कुमारी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ पर कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), भारत सरकार द्वारा शुक्रवार को वर्धा, महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम से आईटीआई जयपुर से योजना अंतर्गत प्रशिक्षित लाभार्थी वर्चुवली जुड़े।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में उक्त कार्यक्रम जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। दिया कुमारी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि हुनरमंद कलाकार लोग एक साल पहले यह सोच भी नहीं सकते थे कि उनके उत्थान के बारे में कोई सोचता है। किन्तु दूरदृष्टि और संवेदनशीलता के धनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शानदार विजन के अनुसार आज से एक साल पहले ऐसे हाथ से काम करने कारीगरों और कलाकारों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को शुरू किया।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन अनुसार इस योजना की शानदार सफलता का एक साल पूरा होना गर्व का विषय है। 18 पारम्परिक कलाओं से जुड़े कारीगरों और शिल्पकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। यह समारोह इस योजना की सफलता की कहानी बता रहा है। हाथ के कारीगरों, हुनरमंद कलाकारों के लिए योजना वरदान साबित हो रही है। छोटे स्तर पर काम करने वाले इन कारीगरों एवं शिल्पकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। व्यवसाय आगे बढ़ाने के लिए आसानी से ऋण मिल रहा है, कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। और टूलकिट खरीदने के लिए ई-वाउचर दिए जा रहे हैं।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विश्वकर्माओं को कौशल प्रमाण पत्र एवं अन्य लाभ वितरित किये।

उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच "हुनर से होगा देश का नवनिर्माण" इस योजना के माध्यम से साकार हो रही है। यह एक ऐसी योजना है जिससे हुनरमंद हाथ के कारीगरों को, कलाकारों को एक बार ही नहीं अपितु बार-बार लाभ होगा। प्रधानमंत्री "वोकल फोर लोकल" की सोच के साथ देश को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा हुनर मंद लोगों को योजना की जानकारी दी जाए, ताकि वो इस योजना से जुड़कर लाभ उठा सकें और आगे बढ़ सकें। योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। दिया कुमारी ने कहा कि मुझे खुशी हैं कि इस योजना से पुरुष कारीगर लोगों के साथ ही महिला कारीगर भी जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज आरआईसी परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में मुझे महिला कारीगरों और हस्त शिल्पियों की संख्या ज्यादा दिखी हैं। यह इस योजना से महिला उत्थान का भी एक अच्छा उदाहरण है। योजना से महिला कलाकारों को भी लाभ हो रहा हैं, वे आगे बढ़ रही हैं यह बहुत शानदार और प्रसन्नता की बात है। इस अवसर पर जयपुर शहर की सांसद मंजू शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कारीगरों और शिल्पकारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इसका उद्देश्य विरासत भी विकास भी है। सांसद ने कहा कि माल बनाने में मदद करने के बाद उस माल को बेचने का अवसर दिया जा रहा है। डिजिटल पेमेंट किया जाता है। समाज में आसपास वालों को इस योजना से जुड़ने के लिए योजना की जानकारी दी जावें। उन्होंने कहा कि इस योजना खुद जाने और दूसरों को इसकी जानकारी देवें। उन्होंने कहा कि हुनर से होगा देश का नवनिर्माण।

इस अवसर पर कारीगरों और शिल्पियों को एक लाख रूपये के ऋण के चेक वितरित किये गए।

इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री, सांसद एवं विधायक तथा अन्य व्यक्तियों के आगमन के पश्चात उनका अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि दिया कुमारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

वर्धा से पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग हुई। विश्वकर्माओं को कौशल प्रमाण पत्र एवं अन्य लाभ वितरित किये गये। विश्वकर्मा लाभार्थियो का समूह फोटो लिया गया।

इस अवसर पर आयुक्त कौशल, रोजगार और उद्यिमता विभाग, राजस्थान सरकार हृदेश कुमार शर्मा, एस.एस. नायक, एन.के. गुप्ता अध्यक्ष विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड एवं अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, साथ ही कार्यक्रम में विश्वकर्मा योजना के लगभग 200 प्रशिक्षु/लाभार्थी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री कार्यालय में शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिमी कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह ने मुलाकात की। शर्मा से लेफ्टिनेंट जनरल सिंह की यह शिष्टाचार भेंट थी।

# भजनलाल शर्मा से ब्रिटिश उप उच्चायुक्त ने की मुलाकात

- ‘राइजिंग राजस्थान इन्वैस्टमैंट समिट’ में ब्रिटिश निवेशकों की सहभागिता पर चर्चा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री कार्यालय में शुक्रवार को ब्रिटिश उप उच्चायुक्त स्टीव हिकलिंग ने मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने हिकलिंग से आगामी 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित होने वाले ‘राइजिंग राजस्थान इन्वैस्टमैंट समिट’ में ब्रिटिश निवेशकों की सहभागिता पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने राजस्थान में निवेश के अवसरों, आर्थिक विकास की संभावनाओं तथा प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों के बारे में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त के साथ जानकारी साझा की।

हिकलिंग ने मुख्यमंत्री को सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान को देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को ‘राइजिंग राजस्थान किट’ भेंट की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नाहरगढ़ की पहाडियों से लापता हुए युवक की तलाश के प्रयासों की दी जानकारी

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट में शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से नाहरगढ़ की पहाडियों से गत 1 सितंबर को लापता हुए राहुल की तलाश के प्रयासों की जानकारी दी। अदालत ने राज्य सरकार की ओर से पेश स्टेट्स रिपोर्ट पर संतोष जताते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद रखी है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश लापता युवक के पिता सुरेश चंद्र शर्मा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान डीसीपी राशि डोगरा और एसीपी बजरंग सिंह सहित अन्य स्थानीय पुलिस अधिकारी पेश हुए। इस दौरान पुलिस की ओर से अदालत को लापता की तलाश में उठाए गए कदमों की रोजाना के आधार पर रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट में बताया गया की शुरूआत में करीब तीन सौ लोगों की सहायता से राहुल की तलाश की गई। वहीं बाद में ड्रोन, डॉग स्क्वायड की भी सहायता ली गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। मामले में गंभीरता दिखाते हुए एसआईटी का गठन भी किया गया। वहीं वेदांता कंपनी से आए प्रशिक्षित लोगों ने भी अत्याधुनिक मशीन से उसकी तलाश की। इसके अलावा लापता की जानकारी बताने पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया।

पुलिस की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि युवक की तलाश के लिए हेलीकॉप्टर भी लगाया गया। वहीं नाहरगढ़ की पहाडियों, गहरी खाइयों, पहाड़ी से नीचे की जाने वाले रास्तों और आसपास के क्षेत्र में भी तलाश की गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि वर्तमान में सभी तकनीकी संसाधनों से संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। इस पर अदालत ने तलाश जारी रखते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

अधिवक्ता गिर्राज शर्मा ने बताया कि राहुल अपने भाई आशीष के साथ 1 सितंबर को चरण मंदिर घूमने की कहकर घर से निकला था। अगले दिन पुलिस को आशीष का शव पहाडियों पर मिला और राहुल अभी तक लापता चला है। वहीं उनके पिता ने राहुल को किसी की कैद में होने का अंदेशा जताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

## वृत्त कार्यालयों में बनाएं हैल्प डेस्क

**जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने आमजन व बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए जयपुर शहर एवं जयपुर जिला वृत्त के अधीक्षण अभियंता कार्यालयों में हैल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन हैल्प डेस्क के माध्यम से बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आमजन को पूरी संवेदनशीलता से परामर्श प्रदान किया जाए। डोगरा शुक्रवार को विद्युत भवन में जयपुर सिटी एवं जयपुर जिला सर्किल के वृत्त अधीक्षण अभियंताओं के साथ इस संबंध में समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अपनी समस्याओं तथा सुनवाई को लेकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

## नियुक्ति पत्र जारी क्यों नहीं किए?

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने विद्या संबल योजना में गेस्ट फैकल्टी टीचर्स को नियुक्ति के बाद में भी नियुक्ति पत्र जारी नहीं करने को गंभीरता से लिया है। अदालत ने कहा ऐसे कई मामले आ रहे हैं, जिनमें नियुक्ति के बाद गेस्ट फैकल्टी टीचर्स को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं।

वहीं मामले में सरकारी वकील भी अदालत को इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में कॉलेज शिक्षा आयुक्त 27 सितंबर तक शपथ पत्र दायर कर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण पेश करें।

# मेयर मुनेश गुर्जर की याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध

**जयपुर।** रिश्वत लेकर पट्टे जारी करने के मामले में एसीबी की ओर से गत वर्ष 6 अगस्त को दर्ज एफआईआर को हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने हाईकोर्ट में आपराधिक याचिका दायर कर चुनौती दी है। याचिका पर जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ शनिवार को सुनवाई करेगी। याचिका में राज्य सरकार और मामले के शिकायतकर्ता सुधांशु सिंह को पक्षकार बनाकर गुहार की गई है कि एसीबी की इस एफआईआर को रद्द किया जाए। याचिका में अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि इस मामले में एसीबी याचिकाकर्ता से कोई भी डिमांड साबित करने में विफल रही है। एसीबी ने यह नहीं बताया है कि याचिकाकर्ता ने शिकायतकर्ता से कैसे डिमांड की और एसीबी ने उसका सत्यापन कैसे किया। इसके अलावा याचिकाकर्ता से कोई भी रिकवरी नहीं हुई है। वहीं मामले में दर्ज एफआईआर में याचिकाकर्ता की भूमिका होने के संबंध में कोई भी सबूत नहीं है। ऐसे में एसीबी की एफआईआर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत जरूरी शर्तों डिमांड व रिकवरी को ही सत्यापित नहीं करती है। इस संबंध में पूर्व में उसके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं पाए थे, यदि साक्ष्य होते तो उसके खिलाफ उसी समय कार्रवाई हो जाती। याचिकाकर्ता को इस मामले में गलत तरीके से फंसाया गया है और एफआईआर दुर्भावना के चलते दर्ज करवाई है। गौरतलब है कि एसीबी ने मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर को नगर निगम से पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत मांगने से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मुनेश को निलंबित कर दिया था। इस निलंबन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

वहीं बाद में सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया था। राज्य सरकार ने जांच के बाद मुनेश को पुनः निलंबित किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने दिसंबर, 2023 में निलंबन को रद्द कर दिया था। वहीं गत दिनों एसीबी ने अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद मुनेश और उसके पति सुशील सहित दो अन्य के खिलाफ एसीबी कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया है।

## ‘डोटासरा ना भूले मर्यादा, भाजपा का जबाव भारी पड़ेगा’

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा के भाजपा नेताओं के राजस्थान में प्रवेश को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जवाब देना शुरू किया तो कांग्रेसी नेताओं को मुंह छुपाने को जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की आदत बनती जा रही है कि बेवजह की बयानबाजी करो और फिर माहौल खराब करो और अपने आलाकमान को खुश करो ताकि कुर्सी बची रहे। उन्होंने कहा कि गोविंद डोटासरा ने जिन केंद्रीय मंत्री के खिलाफ बयान दिया है उनके दादाजी बेअंत सिंह की शहादत को भूल कर केवल गांधी परिवार की चापलूसी के लिए बयान वीर बनते है। गोठवाल ने कहा कि राजस्थान अपनी समृद्ध राजनैतिक परंपरा के लिए जाना जाता है परंतु ऐसे लगता है डोटासरा ने जिस तरह कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष बनते हुए अपने ही नेता सचिन पायलट की बेकद्री की थी उसका मानसिक असर अब भी है।

## कर्मचारियों की वरिष्ठता मेरिट के बजाए नियुक्ति तिथि से तय करने पर मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक ही भर्ती में विभिन्न जिलों में नियुक्त विलेज लेवल ऑफिसरों की वरिष्ठता मेरिट के बजाए उनकी नियुक्ति तिथि और स्थायीकरण से करने से जुडे मामले में प्रमुख पंचायती राज सचिव, पंचायती राज निदेशक और धौलपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से जवाब तलब किया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश जितेंद्र सिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरेंद्र नील ने बताया कि वर्ष 1999 में जिलेवार विलेज लेवल ऑफिसर भर्ती निकाली गई थी। जिसकी लिखित परीक्षा एक समान प्रश्न पत्र के जरिए ही एक समय पर आयोजित की गई थी। वहीं संबंधित जिला प्रशासन ने अपने स्तर पर अलग-अलग समय पर चयनितों को इस पद पर नियुक्ति दी। जिसके तहत याचिकाकर्ता धौलपुर जिले में नियुक्त हुआ। याचिका में कहा गया कि पंचायती राज नियम, 1996 के नियम 285 के तहत विलेज लेवल ऑफिसर पद की वरिष्ठता सूची संबंधित कर्मचारियों की नियुक्ति व स्थाईकरण की तिथि से करना तय किया गया। याचिका में इस प्रावधान को चुनौती देते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ता के प्रकरण में सभी अभ्यर्थियों की भर्ती एक समय पर और एक समान प्रश्न पत्र के जरिए हुई थी। हालांकि प्रशासनिक कारणों के कारण कई जिलों ने सफल अभ्यर्थियों को देरी से नियुक्ति दी।

## राज्य कर्मचारियों ने मनाया ज्ञापन दिवस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वित्त एवं विनियोग विधेयक में राज्य कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को लेकर की गई घोषणा की क्रियान्विति नहीं होने के विरोध में शुक्रवार को हजारों राज्य कर्मचारियों ने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आव्हान पर पूरे प्रदेश में ज्ञापन दिवस मनाया और जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रस्तुत किया। राजधानी जयपुर में यह ज्ञापन महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ व जिला अध्यक्ष छोटेलाल मीणा की अगुवाई में गए एक शिष्ट मंडल ने मुख्य सचिव को सौंपा।

## बी.एस.एन.एल. में ‘नैतिकता-शासन’ सेमीनार

**जयपुर।** राजस्थान बी.एस.एन.एल. परिमंडल की विजिलेंस सेल ने शुक्रवार को कार्यालय प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जयपुर के कांफ्रेंस हॉल में नैतिकता एवं शासन सेमीनार आयोजित किया। महाप्रबंधक (सतर्कता) दिनेश कुमार गर्ग ने सभी अधिकारियों, अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह एवं आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों के बारे में बताया। सेमीनार का उद्घाटन बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने किया। सेमीनार के मुख्य अतिथि एवं वक्ता पूर्व आईएएस अधिकारी एस.एस.बिस्सा थे। बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने अपने उदबोधन में नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने पर प्रकाश डाला तथा तथा उत्तम व्यवहार एवं सदाचार को जीवन में अपनाने के लिए कहा। साथ ही, प्रशासन में पारदर्शिता अपनाने पर भी बल दिया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता पूर्व आईएएस अधिकारी एस.एस.बिस्सा ने अपने व्याख्यान की शुरुआत ऋग्वेद के एक श्लोक से की।

# 3.15 करोड़ की नई सड़क बनाने से पहले लाखों का फर्जी भुगतान उठाने के लिए करवाए घटिया पेचवर्क?

## अजमेर एलिवेटेड रोड पर बुधवार रात को जेडीए जोन-7 द्वारा कराए गए पेचवर्क एक रात भी नहीं टिके



अजमेर एलिवेटेड रोड पर पेचवर्क उखड़ने के बाद सड़क पर बिखरी रोडी-कंक्रीट, जो हादसों को न्यौता दे रही है।

-कार्यालय संवाददाता-

- यह मामला उजागर होने के बाद शुक्रवार को जे.डी.ए. कमिश्नर ने अतिरिक्त निदेशक से रिपोर्ट मांगी
- अजमेर रोड एलीवेटेड रोड पर पुरानी चुंगी से मजार तक सड़क निर्माण के लिए गत दिनों जारी किया है करीब 3.15 करोड़ रु. का टैंडर

**जयपुर।** अजमेर एलीवेटेड रोड पर घटिया पेचवर्क और दुगुने पैसे लगाकर उसे उखाड़ने में जे.डी.ए. के लाखों रुपए की बर्बादी करने के मामले में जे.डी.ए. कमिश्नर आनंदी ने वस्तुस्थिति की रिपोर्ट मांग ली। मजेदार बात यह है कि जेडीए जोन-7 ने अजमेर रोड एलीवेटेड रोड पर पुरानी चुंगी से मजार तक 3.15 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क बनाने के लिए टैंडर जारी किया है। यानि कि 3.15 करोड़ रुपए लगाकर सड़क की रि-कारपेटिंग की जायेगी। टैंडर की अंतिम तारीख 7 अक्टूबर है। सफल आवेदक को वर्क आर्डर जारी किया जाएगा। इस कारपेटिंग से पहले सड़क पर पुरानी डामर को उखाड़ा जाएगा। ऐसे में यह सभी पेचवर्क भी उखडेंगे, जो बरसात के दौरान किये जा रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो नई सड़क निर्माण से पहले जेडीए जोन-7 के इंजीनियर्स ने बुधवार रात आनन-फानन में यह घटिया पेचवर्क कराए, जो कुछ घंटे भी नहीं चले। यह कारनामा ठेकेदार व इंजीनियर्स ने इसलिए किया गया कि, कुछ दिनों बाद जब सड़क नई बनाई जाये, तब यह पेचवर्क उखाड़ने पडेंगे, ऐसे में चुपचाप लाखों रु. का भुगतान उठा लिया जाये।

‘राष्ट्रदूत’ में घटिया पेचवर्क की खबर छपने के बाद शुक्रवार को जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने अतिरिक्त निदेशक संजीव जैन से इस मामले में वस्तुस्थिति से अवगत कराने और वास्तविक रिपोर्ट देने को कहा। घटिया पेचवर्क करने का मामला उजागर होते ही जोन 7 के एक्सईएन तरूण सिंघल ने अपनी अलग-अलग टीमें मामले को मैनेज करने में लगा दी।

इस बीच मामला बिगड़ता देख एक्सईएन सिंघल ने घटिया पेचवर्क के काम को छिपाने के लिए ठेकेदार खुदाबक्श से मौके पर झाड़ू लगवाने को कहा, ताकि रोड पर बिखरी रोडी-कंक्रीट नहीं दिखे।

### एक करोड़ रुपए के पेचवर्क पानी में बहे

सूत्रों की मानें तो जोन-7 में मार्च माह में ही एक करोड़ रुपए पेचवर्क कराने के लिए स्वीकृत करते हुए टैंडर जारी कर दिए थे। यह टेंडर खुदाबक्श कंपनी ने हासिल किए। इसके बाद बरसात और उससे पहले ठेकेदार को पेचवर्क करने का वर्क आर्डर अगस्त तक जारी नहीं किया। सितंबर माह में अचानक जेडीए के जोन 7 के इंजीनियर्स को ध्यान आया कि इस एलीवेटेड रोड पर पेचवर्क कराना है। इसके बाद एक रात में ऐसे घटिया पेचवर्क कराए कि अगले दिन सवेरे ही बिखर गए। मामला बिगड़ता देख शुक्रवार को इन उखड़े हुए पेचवर्क पर कोल्ड डामर कराई गई, जिससे यह टाट के पैबंद जैसी यह लग रही थी। अब ठेकेदार को घटिया पेचवर्क का भुगतान करने की तैयारी की जा रही है।

सूत्रों की मानें तो जोन 7 के इंजीनियर्स को जेडीए प्रशासन की सख्ती और कार्रवाई का भी कोई डर नहीं है। ऐसे में वह मौके पर जाकर पेचवर्क करने या सड़क की कारपेटिंग कराने में भी ध्यान नहीं देते। पीछे से ठेकेदार को पूरी छूट मिल जाती है और वह पेचवर्क के नाम से हल्की डामर की परत चढ़ाकर अपने काम की इतिश्री कर लेते हैं।

### निदेशक एक माह के अवकाश पर

सूत्रों की मानें तो जेडीए के निदेशक इंजीनियरिंग अजय गर्ग एक महीने के अवकाश पर चले गए हैं। जेडीए में चर्चा है कि नई जेडीए कमिश्नर से उनकी पटरी नहीं बैठ रही है। उनकी नाराजगी से बचने के लिए निदेशक एक महीने के अवकाश पर चले गए। उनका कार्यभार अतिरिक्त चीफ इंजीनियर संजीव जैन को सौंपा गया है।

# गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना में प्रदेशभर में लगाए जाएंगे कैंप

- गौ-पालकों को एक वर्ष की अवधि के लिये एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा गौ-पालक परिवारों के लिये किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर शुरु की गई गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना की क्रियान्विति के लिये राज्यभर में अगले सप्ताह से एक पखवाड़े तक कैम्प लगेंगे। योजना में पात्र गोपालको को एक वर्ष की अवधि के लिये एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। आगामी 25 सितम्बर से 9 अक्टूबर तक की अवधि के दौरान ब्लॉक स्तर पर डेयरी समितियों और केन्द्रीय सहकारी बैंक (पैक्स) के संयुक्त कैम्पों में गोपालको से ऑनलाईन आवेदन लिये जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में गोपालको को डेयरी से संबंधित गतिविधियों जैसे गौवंश हेतु शैड, खेली का निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांट के उपकरण खरीदने के लिये किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट योजना की क्रियान्विति की जा रही है।

प्रथम चरण में 5 लाख गौ-पालक परिवारों को ऋण उपलब्ध कराये जाएंगे, और इस योजना पर आगामी वर्ष 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि गोपालको को ऋण के लिये ऑनलाईन आवेदन हेतु राज्यभर के जिला दुग्ध संघों को पैक्स बैंक के साथ मिलकर ब्लॉक स्तर पर कैम्प आयोजित करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। एक गोपालक परिवार से एक सदस्य जो कि सहकारी डेयरी समिति को दूध का बेचान करता हो, को प्राथमिक दुग्ध समिति की अनुशंषा पर ऋण प्राप्त कर सकता है। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत ऋण हेतु गोपालक से कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जावेगा। गोपालक द्वारा समय पर अथवा समय से पूर्व चुकारा किये जाने पर आगामी एक वर्ष के लिये नवीन ऋण स्वीकृत किया जा सकता है।

# राहुल गांधी को लेकर दिए विवादित बयानों के विरोध में धरना दिया

## मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार समेत अन्य कांग्रेस नेता धरने में शामिल हुये

**झुंझुनूं**, (निसं)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे विवादित बयानों के विरोध में शुक्रवार को पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालय पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। झुंझुनूं में भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर धरना दिया गया। कांग्रेस प्रवक्ता शाहबाज फारूकी ने बताया धरने में मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी देश के हर वर्ग किसान, युवा, मंझला व्यापारी, महिला और मजदूर की आवाज सड़क से लेकर संसद तक उठा रहे हैं। उससे भाजपा बौखला गई है। अब उनके छुटभैये नेत अनर्गल और विवादित बयान दे रहे हैं। जिसके विरोध में कल जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा के नेतृत्व में धरना दिया गया था।

वहीं शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर धरना देकर भाजपा से मांग की जा रही है कि वे अपने ऐसे नेताओं को पद से मुक्त करते हुए उन पर कार्रवाई करें। अन्यथा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी हाथों में चूड़ियां नहीं पहनी है। वे ईंट का जवाब पत्थर से देना जानते हैं। राहुल गांधी को लेकर अशोभनीय भाषा बर्दाश्त नहीं होगी। धरने को मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार, प्रधान मनीषा गुर्जर खेतड़ी, पुष्पा चाहर झुंझुनूं, हरिकृष्ण यादव बुहाना, चिड़ावा पंचायत समिति सदस्य अमित ओला, ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह महला गिडानिया, सुरेश मेघवाल मुकुंदगढ़, कार्यकारी जिलाध्यक्ष खलील बुडाना, राजकुमार राठी, मनोहर बाकोलिया आदि ने संबोधित किया।



झुंझुनूं में कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया।

इस मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सैनी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजमत अली झुंझुनूं, किरोड़ीमल पायल मंडावा, बीएल सैनी उदयपुरवाटी, सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हारून लालपुर, युनूस गौरी, सुभाष भांबू, सुभाष शर्मा, छात्र नेता मोहित जनेवा, मानसिंह सहारण, विकासचंद्र, विनोद कुलहरि, मदनलाल चौधरी, बजरंग पूनियां, रोहिताश्वसिंह, शीशराम, वीरेंद्र पूनियां, दिलीप डिग्रवाल, पार्षद भंवर अली, उम्मेद अली, प्रेम कस्वां, राजेश कुमार, संजीव कुमार बाडलवास, सुरेंद्र गोवला, रामचंद्र कृष्णियां, मुबारक अली हैबत, चुन्नीलाल चनेजा, योगेश सोनी, रामकरण सैनी, श्रीचंद झाझड़िया, मोहम्मद जुबेर कुरैशी, जुबेर पार्षद, मोहम्मद तौफिक सैयद, पार्षद ताराचंद सैनी, पवन तंवर, आजम भाटी, महेंद्र सैनी व सुभाष सेवदा आदि मौजूद रहे। संचालन शमशाद खान ने किया।

# जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सख्ती का असर

## एसडीएम ने नगर परिषद से वसूली कर आयोग में वसूली राशि का डीडी जमा करवाया

**झुंझुनूं**, (निसं)। मंड्रेला रोड स्थित अफोर्डेबल हाउसिंग सोसायटी प्रोजेक्ट में अधूरे पड़े फ्लैट्स के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सख्ती का असर अब दिखने लगा है।

उपभोक्ता आयोग द्वारा दी गई व्यक्तिगत पेशी की अंतिम तिथि से एक दिन पहले शुक्रवार को ही झुंझुनूं उपखंड अधिकारी ने परिवादी चंद्रशेखर के मामले में नगर परिषद से वसूली कुर्क वारंट की पालना में चार लाख 23 हजार सात सौ रुपए का डिमांड ड्राफ़्ट तहसीलदार के माध्यम से लेकर जिला आयोग अध्यक्ष मनोज मील के समक्ष पेश होकर वसूली योग्य राशि का डिमांड ड्राफ़्ट जमा करवाया है। गौरतलब है कि उपभोक्ता आयोग ने एसडीएम को नोटिस जारी कर 21 सितंबर तक वसूली कुर्क वारंट की पालना नहीं करने पर जिला आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने एवं आयोग के न्यायिक आदेश की अवज्ञा करने पर विधिक कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए पर स्पष्ट करने को आदेशित किया था।

जिला आयोग अब यह अवार्ड राशि 4,23,700 रूपए के डिमांड ड्राफ़्ट परिवादी को सौंपेगा। परिवादी चंद्रशेखर ने इस मौके पर उपभोक्ता आयोग को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे इस प्रोजेक्ट से जुड़े बाकी उपभोक्ताओं को भी न्याय की आस बंधी है। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने भी कार्यभार ग्रहण करने के बाद गत 12 सितंबर को एसडीएम को पत्र लिखकर इस मामले में नगर परिषद से वसूली के स्पष्ट निर्देश दिए थे।

वारंट की पालना करवाने में तहसीलदार सुरेंद्र चौधरी की भी अहम भूमिका रही। कई बार वसूली कुर्क वारंट की पालना करवाने नगर परिषद पहुंचे तहसीलदार ने उपभोक्ता आयोग व जिला प्रशासन के आदेशों की पालना में शुक्रवार को सुबह से ही नगर परिषद में डेरा डाल रखा था। ध्यान रहे नगर परिषद से राशि नहीं वसूल किए जाने की स्थिति में नगर परिषद कार्यालय को सीज़ किए जाने की कार्रवाई भी की जा सकती थी।

# 10 तोला सोना व 5 किलो चांदी के जेवर चोरी

- दीवार फांदकर घर में घुसे तीन नकाबपोश बदमाशों ने वारदात की
- थानाधिकारी सहित जाप्ता मौके पर पहुंचा और मौका मुआयना किया

**भीलवाड़ा**, (निसं)। पड़ोसी जिले शाहपुरा के गोवर्धनपुरा में गुरुवार रात करीब 12 बजे तीन अज्ञात नकाबपोशों ने दीवार फांद कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार खामोर से डियास के रास्ते पर पथवारी के पास स्थित नानू राम गुर्जर के मकान में पहले मुख्य द्वार के बंद गेट से कूदकर अंदर पहुंचे नकाबपोश बदमाशों ने सभी परिवार के सदस्यों के कमरे के गेट बाहर से बंद किये, नानूराम की पत्नी मंजू देवी के कमरे के गेट की कुंडी तोड़कर अंदर स्थित मंजू देवी के गहने खुलवाए तथा कमरे में छोटे-छोटे बक्से में करीब 10 तोला सोना और 5 किलो चांदी के जेवर ले गए। कमरे में बक्से व अन्य सामान को तितर-बितर कर गए। वारदात के बाद शुक्रवार सुबह थानाधिकारी देवराज सिंह, विष्णु सिंह सहित जाप्ता मौके पर पहुंचा और वारदात स्थल का मौका मुआयना किया तथा परिजनों से मामले की जानकारी जुटाई।

पीड़िता मंजू देवी ने बताया कि तीन अज्ञात नकाबपोश दीवार कूदकर घर में घुसे, जिनके हाथों में चाकू थे। चाकू से डरा धमकाकर सोने के झूमर, रखड़ी, रामनवमी, चांदी की दो कनगती मांदलिया सहित करीब 10 तोला सोना और 5 किलो चांदी चोरी कर ले गए। सुबह जब नानूराम ड्यूटी से घर आया तो मामले की जानकारी पत्नी ने पति को बताई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**भीलवाड़ा**, (निसं)। जिले के मांडल कस्बे में लंबे समय से बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अवैध रूप से जमावड़ा लगाकर बैठे रहने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ शुक्रवार को ग्राम पंचायत के सरपंच के नेतृत्व में वार्ड पंचों ने पुलिस उपाधीक्षक मेघा गोयल को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। सरपंच संजय भंडिया ने बताया कि पूर्व में कई बार मांडल थानाधिकारी को भी सूचना देकर अवगत कराया किंतु इसे गंभीरता से नहीं लेने पर शुक्रवार को कोरम के दौरान उठे मुद्दे पर सभी एकत्रित होकर पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उपाधीक्षक गोयल ने मामले की गंभीरता देखते हुए शीघ्र पुलिस जाब्ता भेज कर यात्री प्रतीक्षालय से ऑटो रिक्शा चालकों को हटाया और बिना परमिट वाले ऑटो रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही पाबंद कर पुनः वहां जमावड़ा नहीं लगाने के निर्देश दिए।

# घायल युवक की हालत गंभीर, बाजार बंद रहे

**भीलवाड़ा**, (निसं)। कोटड़ी थाना क्षेत्र के नंदराय कस्बे में शुक्रवार सुबह रैगर समाज के लोगों ने युवक दीपक के साथ मारपीट करने वाले दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार नहीं करने से प्रशासन पर लापरवाही आरोप लगाते हुए बाजार बंद करवाकर कस्बे के बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सर्व समाज ने भी प्रदर्शन में भाग लिया।

सर्व समाज के लोगों ने बताया कि समय रहते पुलिस प्रशासन दोषी व्यक्तियों को मामूली धारा में गिरफ्तार कर के उन्हें छोड़ दिया गया था, जिसके बाद दोबारा दीपक के साथ मारपीट हुई, जिसके चलते यह हालात पैदा हुए। प्रदर्शनकारी ग्रामीण मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों को बुलाने पर अड़े रहे। रतन लाल रेगर ने बताया कि नौ सितंबर को दीपक रेगर के साथ पीलिया की झुपड़िया के चार-पांच युवकों ने मारपीट की थी। इसको लेकर दीपक के परिजनों ने कोटड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस प्रशासन ने इस मामले गंभीरता से नहीं लिया जिसके कारण 18 सितंबर को उन्हीं युवकों ने कोठारी नदी पुलिया पर रोककर मारपीट की जिसके कारण दीपक कुमार गंभीर घायल हो गया। दीपक को घायल अवस्था में निजी वाहन से जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां दीपक की हालत गंभीर होने पर उसे उदयपुर रैफर किया गया।

# वेतन विसंगति परीक्षण समिति की सिफारिशें लागू करने की मांग

- कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**अजमेर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के बैनर तले शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट पर पदाधकिारियों व कर्मचारियों ने राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा के बाद भी अभी तक समिति की सिफारिशें लागू नहीं करने पर विरोध जताया और जिला कलेक्टर लोक बंधु को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर वेतन विसंगति परीक्षण समिति की सिफारिशें लागू करने की मांग की।

कर्मचारी संयुक्त महासंघ के नेता कांति कुमार शर्मा ने बताया कि 29 जुलाई 2024 को विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान घोषणा की गई थी कि राज्य सरकार द्वारा गठित वेतन विसंगति परीक्षण समिति की शेष सभी सिफारिशों को 1 सितंबर 2024 को लागू कर दिया जाएगा। इसके बावजूद सरकार ने अब तक समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया है, जिससे राज्य कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। शर्मा ने बताया कि महासंघ ने मांग की थी कि कर्मचारियों को अर्जित अवकाश की सीमा को तीन सौ दिन से बढ़ाकर सेवानिवृत्ति तक जोड़ा जाए।

ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता प्रदान किया जाए। राजस्थान परिवहन निगम को राजस्थान सरकार के विभाग के रूप में समाहित किया जाए और रोडवेज कर्मचारियों को पेंशन व वेतन का भुगतान सरकार की ट्रेजरी से किया जाए। मृतक आश्रितों के मामले में टंकण परीक्षा विभागीय स्तर पर करवाई जाए। पेंशनर्स की पेंशन वृद्धि को 65, 70, 75 और 80 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5-5 प्रतिशत की दर से लागू किया जाए। वरिष्ठ अध्यापकों और प्रधानाध्यापकों को उनकी एडहॉक प्रमोशन की तिथि से नियमित पदोन्नति दी जाए। शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की कार्य क्षमता में सुधार लाने के लिए एक निश्चित समायावधि में विभागीय स्तर पर ओरिएंटेशन और रिफ्रेशर कोर्स चलाने की मांग की है।

# 25 हजार रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी दर्शन गुर्जर लगातार फरारी काटने के स्थान बदल रहा था

- आरोपी के छुपने के क्षेत्र मासलपुर, महुआ, जयपुर, मध्य प्रदेश एवं गुजरात में छुपे होने के इनपुट प्राप्त हुए लेकिन आरोपी बार-बार अपनी लोकेशन बदल देता था

**करौली**, (निसं)। करौली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिले के टॉप 10 बदमाशों में शामिल 25 हजार रुपए के कुख्यात इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि संगठित अपराधियों, माफियाओं, हार्डकोर अपराधियों एवं समीपवर्ती राज्यों के अपराधिक तत्वों की निगरानी तथा गिरफ्तारी हेतु गठित जिला स्पेशल टीम करौली द्वारा तीन माह से फरार इनामी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर दर्शन गुर्जर को रात्रि के समय राजपुर के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी दर्शन गुर्जर लगातार फरारी काटने के स्थान बदला रहा था। आरोपी के छुपने के क्षेत्र मासलपुर, महुआ, जयपुर, मध्य प्रदेश एवं गुजरात में छुपे होने के इनपुट प्राप्त हुए लेकिन आरोपी बार-बार अपनी लोकेशन बदल देता था। कुछ दिन पहले आरोपी दर्शन गुर्जर के विकास जोशी निवासी मंडरायल के साथ होने की जानकारी मिली थी। विकास जोशी से पुलिस द्वारा की गई पूछताछ एवं मोबाइल विश्लेषण एवं टेक्निकल आधार पर आरोपी गुर्जर के पिछले कुछ दिनों से गांव राजपुर एवं उसके आसपास के पहाड़ी एवं जंगलों में छिपे होने का ठोस प्रमाण मिला जिस पर डीएसपी प्रभारी एवं टीम के लगातार पिछली तीन रातों से आरोपी को सर्च कर रहे थे। आरोपी गांव एवं आसपास के इलाके में सोने का स्थान हर दो घंटे में बदल लेता था एवं ज्यादातर ऊंचे स्थान को चुनता था, ताकि पुलिस का आने का आसानी से पता लग सके। इसी सर्च कार्रवाई के दौरान बीती रात्रि को आरोपी के गांव राजपुर के जंगल में बनी हुई पानी की टंकी की सीढ़ियों पर सोने की इत्तला प्राप्त हुई।

सूचना पर पुलिस बल के साथ ब्रीफ कर करीब 2 किलोमीटर पैदल जंगलों के रास्ते होकर टंकी को चारों तरफ से घेर लिया। आवाज सुनकर आसपास के कुत्ते भोकने लगे जिनकी आवाज सुनकर आरोपी दर्शन गुर्जर टंकी कि सीढ़िया से कूद कर भागने लगा जिसको कांस्टेबल रन्नो सिंह, रामदास एवं नेमीचंद, वीरेंद्र ने दबोच लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। वहीं आरोपी के विरूद्ध करौली कोतवाली, वजीरपुर थाना, सदर करौली, महुआ, महिला थाना करौली में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# गणेश पांडाल में मृत पशु अवशेष डालने के प्रकरण में पुनः जांच की मांग

- अभियुक्तों की गिरफ्तारी किये जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**शाहपुरा/भीलवाड़ा**, (निसं)। सर्व हिन्दू समाज शाहपुरा द्वारा 18 सितम्बर को चमना बावड़ी शाहपुरा के गणेश पांडाल में एक महिला द्वारा साजिशन मृत पशु के अवशेष डालकर धार्मिक स्थान की पवित्रता भंग की तथा धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की गई है। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा शुरुआत से ही ढुलमुल रवैया अपनाते हुए लीपापोती का प्रयास करते हुए दोपहर बाद मामले का पटाक्षेप घोषित कर दिया था, लेकिन हिन्दू समाज के युवकों द्वारा जिला पुलिस एवं प्रशासन को आसपास के सीसीटीवी फुटेज दिखाकर यह साबित कर दिया कि इस सम्पूर्ण प्रकरण में फुटेज में दिख रही महिला एवं अन्य लोगों का हाथ है।

मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर देर रात्रि शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा ने वीडियो जारी कर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी। इस पर हिंदू संगठन उम्मेद सागर सर्किल पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए गए, वहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान भी उठाया। हिंदू संगठनों द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोंप कर वापस नए सिरे से निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

इस दौरान हिंदू संगठनों द्वारा दो दिवस में कठोर कार्रवाई की मांग की। मामले में उचित कार्रवाई नहीं होने पर उठा आंदोलन की चेतावनी दी गई, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन एवं सरकार की होगी। नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी, नगर अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, विश्व हिंदू परिषद के कैलाश धाकड़ , हनुमान धाकड़, दुर्गा लाल राजोरा,सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हिंदू संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

# छात्राओं से छेड़खानी के मामले में शिक्षक और प्रिंसिपल निलंबित

## मामले में शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग को जांच के निर्देश दिए थे

**कोटा**, (निसं)। जिले के रामगंजमंडी उपखंड इलाके के सुकेत थाना एरिया के सरकारी स्कूल के व्याख्याता और प्रिंसिपल को सस्पेंड कर दिया गया है। मामला छात्राओं से छेड़छाड़ से जुड़ा है। इस मामले में स्टॉफ और छात्राओं की शिकायत के बावजूद भी प्रिंसिपल ने कार्रवाई नहीं की थी। ऐसे में उन्हें भी सरकार ने निलंबित कर दिया है।

मामले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गंभीरता दिखाई और शिक्षा विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। प्रारंभिक तौर पर शिक्षक की गलती सामने आने पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक, बीकानेर से निलंबन के आदेश जारी किए गए। निलंबन के दौरान दोनों का मुख्यालय बीकानेर निदेशालय किया गया है। पुलिस ने आरोपी व्याख्याता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले के अनुसार, स्कूल में राजनीति विज्ञान के व्याख्याता के खिलाफ छात्राओं ने प्रोटेस्ट किया था और जूते की माला लेकर भी पहुंची थी। साथ ही कुछ ग्रामीण आक्रोशित होकर स्कूल पहुंचे थे। उनका कहना है कि आरोपी शिक्षक छात्राओं से अश्लील बातें करता है। साथ ही छेड़छाड़ की कोशिश भी करता है।

इस संबंध में गुरुवार को तीन से चार घंटे तक स्कूल में हंगामा हुआ था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस आरोपी टीचर को स्कूल से थाने लेकर आई थी। वहीं छात्रों की शिकायत पर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। भारी पुलिस जाप्ते के बावजूद ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक से मारपीट की कोशिश की।

इस पूरे मामले पर संज्ञान लेते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने आरोपी शिक्षक के सस्पेंशन आदेश जारी कर दिए हैं। प्रधानाध्यापक ने 12, 14 और 18 सितंबर को शिकायत आने के बावजूद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। यहां तक की उच्च अधिकारियों और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भी इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई। ऐसे में राज्य सरकार ने उन्हें भी संवेदनशील प्रकरण में लापरवाही बरतने के कारण सस्पेंड किया है।

# समन्वित प्रयासों से सबका विकास और सशक्त-समर्थ भारत का निर्माण होगा : राज्यपाल बागड़े

- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जीजीटीयू में ''भविष्य का भारत और हमारा योगदान विकसित भारत 2047'' के विशेष संदर्भ में आयोजित गोष्ठी में शिरकत की

**बांसवाड़ा**, (निसं)। समन्वित प्रयासों से ही सबका विकास और सशक्त और समर्थ भारत का निर्माण होगा। जब हम 2047 में विकसित भारत की संकल्पना करते हैं तो ऐसे में हमें राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिये सामर्थ्यनुसार यज्ञ में आहुति देनी होगी। यह आव्हान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जीजीटीयू में ''भविष्य का भारत और हमारा योगदान विकसित भारत 2047'' के विशेष संदर्भ में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पद से किया।

उन्होंने कहा कि हमारे देश का समृद्ध अतीत इस बात का साक्षी है कि शक्तिपुंज युवाओं ने देश की दिशाएं तय की है। आज के युवा को न केवल अकादमिक वरन् वैज्ञानिक दृष्टि से भी संपन्न होना होगा। साथ ही नैतिक रुप से समृद्ध होते हुए राष्ट्रप्रेमी बनना पड़ेगा। इस लक्ष्य की पूर्ति में उच्च शिक्षा केन्द्र सबसे बड़े माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी प्राथमिकताएं तय करनी होंगी वहीं स्वामी विवेकानंद, खुदीराम बोस के जीवन चरित्र को आत्मसात् करना होगा। उन्होंने शहीदी मानगढ़ धाम के प्रणेता गोविन्द गिरि को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे महामानव थे जिन्होंने न केवल विदेशी हुकूमत के खिलाफ सशक्त जनांदोलन खड़ा किया वरन् सामाजिक चेतना को भी जागृत किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारत में डिजिटल विकास, स्टार्ट अप, सशक्त और सार्थक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विकास होगा। वहीं पर्यावरण संरक्षण, हर गांव में बुनियादी सुविधाओं से युक्त होगा और अनुकूल अर्थव्यस्था बनेगी वहीं शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में नये मानक तय होंगे। साथ ही सनातन मूल्यों दूसरों के हित का चिंतन, राष्ट्रहित सर्वोपरि, सर्वे भवन्तु सुखिनः आदि भावों के साथ ही समावेशी व सतत विकास होगा। प्रारंभ में स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए भावी कार्यों और परियोजनाओं की जानकारी दी। राज्यपाल बागड़े ने प्रथम लोकसभाध्यक्ष जीवी मावलंकर के साथ के दिनों को याद किया। राज्यपाल बागड़े की सादगी का हर कोई कायल नजर आया। राज्यपाल ने संगोष्ठी से पूर्व परिसर में गुलाब-वाटिका में कदम्ब का पौधा रोपा और कैम्पस में बनने वाले दो भवनों विश्वविद्यालय के शोध अनुभाग के लिये कौटिल्य शोध भवन एवं छात्रों के कल्याण और मार्गदर्शन केन्द्रित स्वामी विवेकानंद छात्र-कल्याण भवन का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में प्रबंध मंडल के सदस्य और विधायक गढी कैलाश मीणा, पूर्व सांसद मानशंकर निनामा, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई, पूर्व विधायक घाटोल हरेन्द्र निनामा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णा कटारा, भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव, जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी लालसिंह पाटीदार, न्यू लुक शिक्षण संस्थान निदेशक प्रदीप कोठारी, जीजीटीयू कुलगीतकार हरीश आचार्य, पूर्व प्राचार्य डॉ. डीके जैन, विश्वविद्यालय के प्रो. अलका रस्तौगी, प्रो. मनोज पंड्या, प्रो. लक्ष्मण लाल परमार, डॉ. राकेश डामोर, डॉ. प्रवीण मीणा, डॉ. अर्पित पाठक, कैम्पस और इंजिनीयरिंग कॉलेज के संकाय सदस्यों के साथ विद्यार्थियों ने सहभागिता की। संचालन प्रभारी सम्बद्धता डॉ. नरेंद्र पानेरी ने किया जबकि आभार कुलसचिव राजेश जोशी ने माना। न्यू लुक शिक्षण संस्थान की एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और बैंड पार्टी ने स्वागत अभिनन्दन किया।




राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आयोजित गोष्ठी को संबोधित किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल ने राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के संबंध में भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों से चर्चा की।*

# सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किये

## राइज़िंग राजस्थान समिट पर भारतीय प्रशासनिक तथा पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा की

■ **इस चर्चा में पूर्व अधिकारी चंद्रमोहन मीणा, रवि माथुर, पुरुषोत्तम अग्रवाल, ललित पवार, श्रीमत पांडे, श्याम अग्रवाल, दीपक उप्रेती, मुकेश शर्मा, संजय दीक्षित, राजेश्वर सिंह, डी.बी. गुप्ता, बीनू गुप्ता व अजीत सिंह शामिल थे।**

जयपुर, 20 सितम्बर। शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट" के संबंध में भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को सेवा-काल के दौरान लोक सेवक के रूप में विभिन्न क्षेत्रों का अनुभव प्राप्त होता है। इनके अनुभवों के आधार पर प्राप्त महत्वपूर्ण सुझाव प्रदेश में निवेश को बढ़ाने में निर्णायक साबित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए बेहतर अवसरों का निर्माण किया जाए। इसी क्रम में प्रदेश में "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट" का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट के माध्यम से निवेश के साथ ही रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकेगी एवं राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बनेगा।

उल्लेखनीय है कि 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट" में देश-विदेश के प्रसिद्ध उद्योगपति, औद्योगिक समूह, विभिन्न देशों के व्यापारिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि मंडल इत्यादि सम्मिलित होंगे। इस समिट की पूर्व गतिविधियों के रूप में अंतरराष्ट्रीय रोडशो, कॉन्फ्रेंस, राउंडटेबल्स तथा विभागों के साथ प्री-समिट आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में साउथ कोरिया, जापान, यू.ए.ई. एवं कतर में भी इन्वेस्टर मीट आयोजित की जा चुकी हैं। साथ ही, प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों, राज्यों, केन्द्रीय मंत्रालयों एवं पी.एस.यू. से समन्वय करने के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने राइजिंग राजस्थान व निवेश संवर्द्धन को लेकर अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। इन अधिकारियों में चन्द्रमोहन मीणा, रवि माथुर, पुरुषोत्तम अग्रवाल, ललित के. पंवार, श्रीमत पांडे, श्याम अग्रवाल, दीपक उप्रेती, मुकेश शर्मा, संजय दीक्षित, राजेश्वर सिंह, डी.बी. गुप्ता, श्रीमती वीनू गुप्ता एवं अजीत सिंह शामिल थे।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा एवं प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता सहित उद्योग विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद थे।

# चार किलोमीटर लम्बा जुलूस निकाल डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ली

पश्चिम बंगाल, 20 सितंबर। जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने का ऐलान किया है। शनिवार से सभी जूनियर डॉक्टर इमरजेंसी वार्ड में अपनी सेवाएं देना शुरू करेंगे।

पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टर कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या की घटना को लेकर आंदोलन कर रहे थे। डॉक्टरों ने शुक्रवार शाम को अपना "काम बंद" वापस ले लिया और शनिवार से सरकारी अस्पतालों में आवश्यक सेवाएं देने के लिए आंशिक रूप से ड्यूटी पर लौटने की घोषणा की।

■ **डॉक्टरों की घोषणा : ओ.पी.डी. नहीं करेंगे, आपातकालीन व आवश्यक सेवाओं में काम करेंगे**

डॉक्टरों ने 42 दिनों से जारी गतिरोध को समाप्त करते हुए राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय से सॉल्ट लेक स्थित सीबीआई कार्यालय तक मार्च निकालने के बाद अपनी हड़ताल वापस ले ली। वे स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय पर एक हफ्ते से अधिक समय से प्रदर्शन कर रहे थे।

## पुलिस थाने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डॉक्टर हैं तो वो सुरक्षित नहीं हैं, यदि वो 9 से 5 तक काम करने वाली महिलाएं हैं तो वो सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए पहले इस स्थिति को भाजपा को स्वीकार करना होगा।

उत्तर प्रदेश में रेप पीड़ित महिला की हत्या के बारे में पूछ गए प्रश्न पर उन्होंने कहा, पीड़ित महिला अपनी माँ और भाई के साथ जा रही थी, जब जेल से छूटे एक आदमी ने उस पर गोली चला दी। क्या आप इस यू.पी. मॉडल का उपयोग कर रहे हैं। अपराध के लिए सजा काट रहे बलात्कारी ने जेल से बाहर आते ही लड़की की हत्या कर दी। श्रीनेत ने पूछा, देश में महिलाएं कहाँ पर सुरक्षित हैं? उन्होंने कहा, वो नहीं जानतीं कि यदि रेप पीड़िता पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज नहीं कर सकती तो वो कहाँ जाएं?

# भाजपा नेतृत्व राहुल के खिलाफ हिंसक बयानों के लिये माफी मांगे- पायलट



*पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट टोंक के कांग्रेसजनों द्वारा आयोजित धरने में शामिल हुए। यह घटना राहुल गांधी के खिलाफ की गई हिंसक बयानबाजी के विरोध में आयोजित किया गया।*

टोंक, 20 सितम्बर (निस)। जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लिए मोदी सरकार के मंत्री एवं भाजपा नेताओं की हिंसक बयानबाजी के खिलाफ धरना विरोध प्रदर्शन किया गया।

धरने को सम्बोधित करते हुए ए.आई.सी.सी. महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी तथा टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता से घबरा गये हैं और बोखलाहट में हिंसक बयान दे रहे हैं। जनता से किये वादे भाजपा सरकार पूरे नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि 100 दिनों में भाजपा सरकार ने जनहित में कोई कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व को राहुल गांधी के खिलाफ दिये गये हिंसक बयानों के लिए माफी मांगनी चाहिए।

■ **इस मुद्दे पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा आयोजित धरने को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता से घबराकर भाजपा नेता हिंसक बयान दे रहे हैं।**

प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी ने कहा कि भाजपा नेता बेरोजगारी, कानून व्यवस्था तथा विकास पर कोई बात नहीं करते । जिलाध्यक्ष हरि प्रसाद बैरवा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सहित अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पूरी तरह हार रही है। देश की जनता ने इन्हें नकार दिया है । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गरीब, मजदूर, किसान, युवाओं की आवाज़ उठाते हैं। हिंसक बयानबाज़ी देश के लोकतंत्र के लिए अच्छी नही है । राजनीति में एक मर्यादा का होना बहुत जरूरी है।

पूर्व प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि धरने को पूर्व विधायक कमल बैरवा, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता, महेन्द्र सिंह खेडी, मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम चौधरी, पीपलू ब्लॉक अध्यक्ष जयनारायण मीणा, कमलेश चावला, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, धमेन्द्र सालोदिया, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हंसराज गुर्जर, महावीर तोगड़ा, इम्तियान खान, अहसान बाबा, कैलाशी देवी मीणा, मोहम्मद शकील, शकीलुर्रहमान खान, अवेधश शर्मा, युसुफ इंजिनियर, राशन डिलर शकील, छोगालाल गुर्जर आदि ने सम्बोधित किया। इससे पूर्व सचिन पायलट का टोंक पंहुचने पर कांग्रेस जनों ने स्वागत किया, वहीं छावनी चौराहे पर अकबर खान ने परम्परागत रूप से 51 किलो फूलों की माला पहनाकर ढ़ोल नगाड़ों के साथ पायलट का स्वागत किया। पायलट ने इस दौरे में चिरोंज गांव में पहुंचकर नवनिर्मित अम्बेडकर भवन व यात्री प्रतिक्षालय का लोकार्पण किया तथा मोलाईपुरा ग्राम के राजकीय उच्च माध्य विद्यालय के परिसर में निर्माण किये गये दो कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया । इस अवसर पर पीसीसी सदस्य माया सुवालका, हंसराज फागणा, हंसराज गाता, फोजूराम मीणा, पंकज यादव, रामदेव गुर्जर, आतिफ नक़वी, सम्पत गुर्जर, अजमल देवपुरा, शिवजीराम मीणा, हकीम रामलाल सेनी, नईम अपोलो, सतवीर गुर्जर, सलीम नक़वी, देवराज छान, मूलचन्द बैरवा, हनुमान यादव, इरशाद खान सेवादल, अरशद चिश्ती, जावेद चिश्ती, रशीद इंटक, सआदत नक़वी, मासूम अली सेवादल, शोकल हुसेन सेवादल, राहुल सैनी, अशोक महावर, सीपी श्रीवास्तव आदि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता धरने एवं विरोध प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

## जैसलमेर के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सुविमल, अभिषेक और राहुल कुमार बताए जा रहे हैं।

उदय और अभिषेक की हालत थोड़ी गंभीर है, जबकि सुविल और राहुल ठीक हैं। पोकरण अस्पताल में करीब डेढ़ घंटा इलाज के बाद एहतियातन चारों जवानों को जोधपुर रेफर कर दिया गया। जवानों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ के महत्त्वपूर्ण मामलों में अपनी कार्यवाही को लाइव स्ट्रीम करने का फैसला किया था।

कोर्ट ने माना था कि लाइव स्ट्रीमिंग की कार्यवाही संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत न्याय तक पहुँचने के अधिकार का हिस्सा है। कोर्ट सुनवाई को लाइव स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग कर रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई को यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम किया था।

## बस खाई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया है। गंदेरबल, श्रीनगर, बडगाम, रियासी, राजौरी और पुंछ जिलों में 26 विधानसभा क्षेत्रों में 25 सितंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा। दूसरे चरण में कश्मीर क्षेत्र की 15 और जम्मू क्षेत्र 11 की विधानसभा सीटों पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

## स्मृति ईरानी होंगी, ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जवाब के रूप में उभरा है। भाजपा के लिये, एक अन्य संभावना के रूप में, नवनिर्वाचित सांसद बाँसुरी को भी प्रोजैक्ट किया जा सकता है, लेकिन पहली बार सांसद बनी बाँसुरी के साथ मुश्किल यह है कि उनके पास पार्टी कार्यकर्ताओं तथा नेताओं को साथ लेकर चलने के अनुभव एवं कौशल का अभाव है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के संभावित चेहरे पर चर्चा करने के लिए भाजपा दो मीटिंग कर चुकी है। पहली मीटिंग वृन्दावन में तथा दूसरी मीटिंग दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय पर हुई थी।

समझा जाता है कि इस संबंध में अंतिम निर्णय रणथम्भौर में होने वाली वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मीटिंग में लिया जायेगा। इस मीटिंग की तिथियाँ अभी तय नहीं हुई है।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, 3 दोस्तों की दर्दनाक मौत

अजमेर, 20 सितम्बर (कासं)। अजमेर शहर के अलवरगेट पुलिस थाना इलाके में स्थित नारेली हाइवे पर पुलिस चौकी के सामने शुक्रवार दोपहर को तेज गति से आ रही एक कार डिवाइडर से टकरा गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में 6 युवक सवार थे, जिनमें से तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रुप से घायल हो गए।

■ **अजमेर में 6 मित्र घूमने गये थे। वापस लौटते समय दोपहर में नारेली हाइवे पर पुलिस चौकी के पास कार तेज रफ्तार के साथ डिवाइडर से टकरा गई।**

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी युवकों को जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गहन जांच के बाद गुवारडी निवासी प्रकाश रावत, देवनगर निवासी संजय गुर्जर व बासेली निवासी मनीष मेघवंशी को मृत घोषित कर जेएलएन के मुर्दाघर भिजवा दिया और गंभीर रुप से घायल पवन गुर्जर देवनगर निवासी, पप्पू राम देवनगर निवासी सहित मोतीसर निवासी आकाश रावत को भर्ती कर चिकित्सकों ने उपचार शुरू कर दिया है।

अलवरगेट थाना पुलिस के मुताबिक, प्रकाश रावत, संजय गुर्जर, मनीष, पप्पू राम, पवन गुर्जर व आकाश रावत दोस्त बताए जा रहे हैं, जो कहीं घूमने के लिए गए हुए थे। वापस अजमेर लौटते समय कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार बेकाबू होकर नारेली हाइवे पर पुलिस चौकी के सामने डिवाइडर से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने तुरंत हादसे की सूचना अलवरगेट थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को बड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला। अलवरगेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारत का पहला मानव अंतरिक्षयान इस वर्ष प्रक्षेपित होगा

बेंगलुरु, 20 सितंबर। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पहले मानव अंतरिक्ष यान की तैयारी पूरी होने वाली है और यह 2024 के अंत तक प्रक्षेपित हो सकता है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने शुक्रवार को यहां एक अंतरिक्ष प्रदर्शनी में कहा कि गगनयान मिशन की तैयारियां पूरी होने वाली हैं। सोमनाथ ने कहा, गगनयान प्रक्षेपण के लिए तैयार है और हम इस साल के अंत तक इसे प्रक्षेपित करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

गौरतलब है कि इस मिशन से भारत दुनिया के उन देशों के समूह में शामिल हो जाएगा, जो मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हुए हैं। गगनयान को 2018 में मंजूरी दी गई थी और अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने का भारत का पहला प्रयास है।

उन्होंने कहा कि यह मिशन भारत की, खुद को एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित करने की व्यापक महत्वाकांक्षाओं को भी दर्शाता है। सरकार की मंजूरी के बाद, इसरो की दीर्घकालिक योजनाओं में 2035 तक देश का पहला अंतरिक्ष केंद्र ( भारतीय अंतरिक्ष केंद्र ) विकसित करना और 2040 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चालक दल के साथ चंद्र मिशन पर भेजना शामिल है।

# कैबिनेट मंत्री हेमन्त मीणा भी राजस्थान क्रिकेट की राजनीति में उतरे

## मीणा प्रतापगढ़ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने

■ **भाजपा के कई नेताओं के पुत्र क्रिकेट की राजनीति में सक्रिय हो गये हैं। इनमें राजेन्द्र राठौड़ के पुत्र, पराक्रम खींवसर के पुत्र धनंजय सिंह, घनश्याम तिवाड़ी के पुत्र आशीष, मदन दिलावर के पुत्र पवन तथा जसवंत यादव के पुत्र मोहित प्रमुख हैं।**

जयपुर, 20 सितम्बर। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा ने भी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सियासी रण में एंट्री ले ली है। शुक्रवार को प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ के चुनाव का आयोजन हुआ। इसमें कैबिनेट मंत्री हेमंत मीणा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और भाजपा नेता पिंकेश पोरवाल जिला क्रिकेट संघ के सचिव निर्वाचित हुए। इसी तरह, अलवर जिला क्रिकेट संघ के चुनाव का भी आज आयोजन किया गया। इसमें भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव अध्यक्ष पद पर काबिज हुए।

खेल संघ में एंट्री के लिए सबसे पहले जिला स्तर पर रजिस्टर्ड क्लब में सदस्य बनना पड़ता है। इसके बाद जिला स्तर पर चुनाव का आयोजन होता है, जिसमें जिले में रजिस्टर्ड सभी क्लब के पदाधिकारी वोटिंग करते हैं। उसके बाद जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी का गठन होता है।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और कार्यकारिणी के कुल 6 पदों के लिये चुनाव होते हैं। इसमें प्रदेश के 33 जिला क्रिकेट संघों के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर काबिज व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। वोटिंग की पावर सिर्फ जिला क्रिकेट संघ के सचिव के पास ही होती है।

दरअसल, राजस्थान में भाजपा सरकार के गठन के बाद फरवरी में सरकार ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की मौजूदा कार्यकारिणी को भंग कर एडहॉक कमेटी का गठन किया था। इसके बाद से ही लगातार भाजपा से जुड़े नेता और मंत्री पुत्रों की राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में एंट्री हो रही है। ऐसे में अब उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार जल्द ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव का आयोजन कर सकती है। ऐसे में अब राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी बनने के लिए भाजपा नेताओं में ही आपसी खींचतान देखने को मिल सकती है, क्योंकि वर्तमान में पांच वरिष्ठ भाजपा नेताओं के पुत्र राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के जिला संघों में पदाधिकारी बन चुके हैं। मौजूदा मंत्री और प्रदेश भाजपा पदाधिकारी भी आरसीए की राजनीति में सक्रिय हो गए हैं। इसके बाद अब मान जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व द्वारा ही आरसीए अध्यक्ष पद को लेकर फैसला किया जाएगा।

इसमें भाजपा के कई नेताओं के बेटे सदस्य बन गए है। भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ के पुत्र पराक्रम सिंह चूरू जिला क्रिकेट संघ में अध्यक्ष हैं। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी के पुत्र आशीष तिवाड़ी सीकर जिला क्रिकेट संघ में कोषाध्यक्ष हैं। शिक्षा और पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर के पुत्र पवन बारां जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष हैं। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के पुत्र यश जैन बारां क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं।

भादरा विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे अर्जुन बेनीवाल जिला क्रिकेट संघ में सचिव हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत आरसीए की कमान संभाल चुके हैं। वर्तमान में वैभव राजसमंद जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष हैं। वहीं राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के संयोजक और श्रीगंगानगर में विधायक जयदीप बिहाणी श्रीगंगानगर जिला कोषाध्यक्ष हैं। राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा धौलपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी जालोर जिला क्रिकेट संघ में अध्यक्ष हैं।

पूर्व विधायक संयम लोढ़ा सिरोही जिला क्रिकेट संघ में सचिव हैं।

# नीट परीक्षा लीक मामले की सुनवाई विशेष अदालत में

■ **सी.बी.आई. ने पूरक आरोप पत्र में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराएं जोड़ीं और अधिनियम की विशेष अदालत में केस स्थानांतरित करने की मांग की।**

पटना, 20 सितंबर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले की सुनवाई अब भ्रष्टाचार निरोधक (पीसी) अधिनियम की विशेष अदालत में होगी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायिक दंडाधिकारी, कुमारी रिंकू की अदालत में शुक्रवार को एक आवेदन दाखिल कर कहा कि मामले के अनुसंधान के दौरान सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत उजागर हुई है और उन्हें अभियुक्त बनाया गया है। सीबीआई ने जो पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है उसमें भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराएं जोड़ी गई हैं। इसलिए, आगे सुनवाई के लिए इस मुकदमे को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विशेष अदालत संख्या दो में स्थानांतरित कर दिया जाए।

अदालत ने आवेदन पर सुनवाई के बाद, इस मुकदमे का मूल अभिलेख साथ ही शास्त्री नगर थाने में दर्ज मुकदमे के अभिलेख, को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की सीबीआई अदालत संख्या दो में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी ने इस अभिलेख के साथ लंबित सभी जमानत के आवेदन पत्रों को भी अभिलेख के साथ विशेष न्यायाधीश की अदालत में भेजे जाने का आदेश दिया है। इस बीच सीबीआई ने इस मामले के जेल में बंद छह अभियुक्तों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया।

ब्यूरो ने यह आरोप पत्र सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी रिंकू की अदालत में भारतीय दंड विधान की धारा 109, 201, 380, 409, 411, 420 और 109 तथा भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग-अलग धारा 13(2) सह पठित धारा 13 (1)ए में इस मामले के जेल में बंद अभियुक्त बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सन्नी कुमार, डॉक्टर एहसान उल हक, मोहम्मद इम्तियाज आलम, जमालुद्दीन उर्फ जमाल तथा अमन कुमार सिंह के खिलाफ दाखिल किया है।

गौरतलब है कि 05 मई 2024 को पूरे देश में नीट 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी।

## 13 साल का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। तब परिजनों ने तलाश शुरू की। करीब 2 घंटे बाद पता चला कि बच्ची को दुकान जाते समय गांव के ही सूरज पुत्र हंसराज, राजू उर्फ राजकुमार पुत्र शंकर और मोनू उर्फ नवजोत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह कार में किडनैप कर ले गए। कुछ देर बाद गांव में एक कार नज़र आई। कार के शीशे में से बच्ची नजर आने पर कार को रूकवाया गया। मौके पर जब गांव के लोग एकत्रित हो गए तो आरोपी भाग निकले। पूछताछ में बच्ची ने बताया कि तीनों आरोपियों ने उसके साथ बारी-बारी से रेप किया। जांच अधिकारी सीओ ग्रामीण अनुपम मिश्रा ने बताया कि बच्ची के बयान दर्ज कर मामले में जांच आगे बढ़ाई जायेगी।

## कर्नाटक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रहे हैं। इसमें वे महिला वकील से यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि लगता है वो "प्रति वादी" के बारे में बहुत ज्यादा जानती है कि इतना कि उनके आंतरिक वस्त्रों का रंग भी बता सकती हैं।

# तिरूपति प्रसादम विवाद के बाद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रसदाम को लेकर लोगों के मन में निश्चित रूप से सन्देह पैदा हो रहा होगा। इस प्रकार के किसी डर या चिन्ता को दूर करने के लिए, हमने निर्णय लिया है कि मैसूर के "सी.एफ.टी.आर. आई." में प्रसादम की जाँच कराई जाएगी तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अब आगे केवल निन्दिनी घी ही काम में लिया जाए।"

रेड्डी ने कहा, "हम केवल के.एम.एफ. तथा नन्दिनी उत्पादों को ही प्रोत्साहित करेंगे, इसलिए अब हमारे मन्दिर भी केवल उन्हीं का घी काम में लेंगे।"

के.एम.एफ. के अधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि उसके दुग्ध-उत्पाद सर्वोत्कृष्ट स्तर के हैं। प्रसंगवश बता दें कि टी.टी.डी. ने के.एम.एफ. के साथ अपने अनुबन्ध का नवीकरण कर दिया है तथा इस साल अगस्त से तिरुपति मन्दिर को दूध बेचना शुरू कर दिया है। दरअसल, आन्ध्रप्रदेश की नवनिर्वाचित सरकार ने इसके लिए उससे सम्पर्क किया था ताकि इन विख्यात लड्डूओं का मूल स्वाद वापस आ जाए।

प्रसंगवश यह भी बता दें कि के.एम.एफ. ने टी.टी.डी. के घी के टेंडर में भाग नहीं लिया था क्योंकि कई प्राइवेट फर्मों ने कम कीमत के कोटेशन दिए थे तथा कर्नाटक को-ओपरेटिव के लिए उतनी कम कीमत के कोटेशन देना आर्थिक रूप से सुविधानजक नहीं था। इसलिए उसने बिडिंग से अपने कदम पीछे खींच लिए थे। दरअसल, इसने स्थानीय दूध-सप्लायरों से एक ऐसी कीमत का वादा किया था, जो यह, बिड के कम होने की स्थिति में, अदा नहीं कर सकती थी।

के.एम.एफ. के चेयरमैन भीमा नाइक ने पत्रकारों को बताया कि नई सरकार ने के.एम.एफ. से सम्पर्क किया था ताकि आदान-प्रदान पुनः शुरू हो तथा लड्डूओं के लिए फिर से घी की सप्लाई हो सके।

इस बीच, लड्डू विवाद ने और बड़ा रूप ले लिया है तथा राष्ट्रीय पार्टियाँ इस विवाद में कूद पड़ी हैं।

केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने भी, कुछ मन्त्रियों के माध्यम से, इस पूरे मामले की जाँच कराए जाने की माँग की है। यही नहीं, इस सी.बी.आई. जाँच की भी माँग की जा रही है। जैसा कि स्वाभाविक ही है, दूसरी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस ने इस विवाद की कटुनिन्दा एवं आलोचना की है तथा माँग की है कि यह बताया जाए कि जरूरी मेहनत एवं जाँ के बाद, कथित अपराधियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई तथा क्या यह मामला अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुँचाया जाएगा।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पूछा है कि अगर ये दावे तथा आरोप सिद्ध नहीं हो सके, तो लोग उन लोगों के बारे में क्या सोचेंगे, जो ऐसे आरोपों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, जिनसे करोड़ों हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुँचा है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600